इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 | अंक - 187 | राजनांदगांव, मंगलवार 26 मई 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# देश की 131 हस्तियां पद्म पुरस्कारों से सम्मानित

## धर्मेन्द्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण, महिला क्रिकेटर हरमनप्रीत को पद्मश्री; मार्शल आर्ट गुरु पजनीवेल ने पीएम मोदी को लेटकर प्रणाम किया

नई दिल्ली। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के आधिकारिक घोषणा के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार 2026 के विजेताओं को अलंकृत कर दिया है। इस साल कुल 131 उत्कृष्ट हस्तियों को उनकी अद्वितीय सेवाओं और परिश्रम के लिए यह सम्मान दिया गया है। इस वर्ष की पुरस्कार सूची में कला, साहित्य, खेल, चिकित्सा, विज्ञान और सार्वजनिक मामलों में अभूतपूर्व योगदान देने वाले जमीनी नायकों से लेकर वैश्विक स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाले दिग्गजों को शामिल किया गया है।

### इन 5 दिग्गजों को प्रदान किया गया सर्वोच्च पद्म विभूषण सम्मान

देश का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान पद्म विभूषण इस साल 5 विख्यात हस्तियों को प्रदान किया गया है, जिनमें राजनीति, न्याय और कला जगत के बड़े नाम शामिल हैं- श्री धर्मेंद्र सिंह देओल (मरणोपरांत): भारतीय सिनेमा के ही-मैन और दिग्गज अभिनेता जिन्होंने धर्मेंद्र के नाम से दशकों तक बॉलीवुड और करोड़ों दिलों पर राज किया, उन्हें



कला क्षेत्र में अद्वितीय योगदान के लिए महाराष्ट्र से सम्मानित किया गया। **श्री के. टी. थॉमस:** भारत के पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश, जिन्होंने देश की न्याय व्यवस्था को मजबूत और पारदर्शी बनाने के लिए सार्वजनिक मामलों में केरल से यह सम्मान प्राप्त किया। **सुश्री एन. राजम:** उत्तर प्रदेश की विश्व प्रसिद्ध वायलिन वादक, जिन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बिल्कुल नई ऊंचाई प्रदान की।

**पी. नारायणन:** केरल के विख्यात लेखक और खोजी पत्रकार, जिन्होंने अपनी लेखनी से साहित्यिक दुनिया को कूटनीतिक रूप से समृद्ध किया।

**वी. एस. अच्युतानंदन (मरणोपरांत):** केरल के पूर्व लोकप्रिय मुख्यमंत्री और जननेता, जिन्होंने ताउम्र सामाजिक न्याय, सुशासन और जन कल्याणकारी विकास कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### अलका याज्ञिक, ममूटी और उदय कोटक सहित 13 हस्तियों को पद्म भूषण

**कला और सिनेमा:** प्रसिद्ध पार्श्व गायिका सुश्री अलका याग्निक (महाराष्ट्र), मलयालम सिनेमा के कद्दावर सुपरस्टार और निर्माता श्री ममूटी (केरल) तथा श्री पीयूष पांडे (मरणोपरांत, महाराष्ट्र)। **सार्वजनिक मामले:** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन (मरणोपरांत), वी. के. मल्होत्रा (मरणोपरांत, दिल्ली) और वेल्लप्पल्ली नटेशन (केरल)। **व्यापार, खेल और चिकित्सा:** कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक उदय कोटक (व्यापार एवं उद्योग, महाराष्ट्र), टेनिस के अंतरराष्ट्रीय दिग्गज खिलाड़ी विजय अमृतराज (खेल, अमेरिका), कल्लिपट्टी रामासामी पलानीस्वामी (मरणोपरांत, चिकित्सा, तमिलनाडु) और डॉ. नोरी दत्तात्रेयुडु (चिकित्सा, अमेरिका)। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### पद्म विभूषण पुरस्कार विजेता

धर्मेंद्र सिंह देओल (मरणोपरांत)
के. टी. थॉमस
सुश्री एन. राजम
पी. नारायणन
वी. एस. अच्युतानंदन (मरणोपरांत)
पद्म भूषण पुरस्कार विजेता
सुश्री अलका याग्निक
भगत सिंह कोश्यारी
कल्लिपट्टी रामासामी पलानीस्वामी ममूटी
डॉ. नोरी दत्तात्रेयुडु
पीयूष पांडे (मरणोपरांत)
एस. के. एम. मईलानंदन
शतावधानी आर. गणेश
शिबू सोरेन (मरणोपरांत)
उदय कोटक
वी. के. मल्होत्रा (मरणोपरांत)
वेल्लप्पल्ली नटेशन, विजय अमृतराज

### पद्मश्री पुरस्कार विजेता

ए. ई. मुथुनायगम - विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, केरल
अनिल कुमार रस्तोगी - कला, उत्तर प्रदेश
अंके गौड़ा एम. - सामाजिक कार्य, कर्नाटक
सुश्री आर्मिदा फर्नांडीज (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पद्म विभूषण सम्मान लेकर भावुक हुई हेमा मालिनी, बेटी अहाना नहीं रोक पाई आंसू

नई दिल्ली। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में सोमवार को आयोजित पद्म पुरस्कार 2026 समारोह में देश की कई दिग्गज हस्तियों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजेताओं को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया। इस बार हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया जिसका अवॉर्ड लेने पहुंचीं उनकी पत्नी व अभिनेत्री-सांसद हेमा मालिनी। इस खास मौके पर उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का निधन नवंबर 2025 में हो गया था। इसके बाद यह सम्मान उनके परिवार की ओर से उनकी पत्नी हेमा मालिनी ने रिसीव किया। समारोह के दौरान हेमा मालिनी भावुक नजर आईं। वहीं अवॉर्ड सेरेमनी में एक्टर की बेटी अहाना देओल के आंसू छलक पड़े।



## राहुल गांधी के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दायर, पीएम मोदी व गृहमंत्री के खिलाफ टिप्पणी से मामला गर्माया

रायबरेली। रायबरेली के ग्राम लोधवारी में बहुजन स्वाभिमान सभा के दौरान 20 मई को सांसद राहुल गांधी ने देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के खिलाफ विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि जब आरएसएस के लोग आपके घर आकर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के बारे में बात करें तो उनसे कहना कि उनका प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और भाजपा गद्दार है।



इस टिप्पणी से पिछले छह दिनों से दिल्ली से लेकर लखनऊ तक की राजनीति गर्म है। रायबरेली में भी राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा नेता प्रदर्शन कर चुके हैं तो अब उनके खिलाफ न्यायालय पंचम अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) जेएम की कोर्ट में परिवाद दायर किया गया है। भाजपा नेता शकील अहमद खान निवासी प्रगतिपुरम कॉलोनी मिल एरिया ने न्यायालय पंचम अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन ) जेएम की कोर्ट में परिवार दायर करते हुए थाना डीह, सदर कोतवाली और एसपी को राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिए जाने की मांग की है। शकील अहमद खान ने बताया कि ग्राम लोधवारी में आयोजित जनसभा में राहुल गांधी ने प्रतिशोध की भावना से सार्वजनिक स्थल पर देश के प्रधानमंत्री व गृह मंत्री और भाजपा को गद्दार कहा था। इससे उन्हें गहरा आघात पहुंचा है और उनकी मानहानि हुई है। आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने भाजपा को भड़काने और देश का माहौल खराब करने के लिए ऐसी टिप्पणी की है। सार्वजनिक मंच से प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और भाजपा की छवि खराब की गई है।

## अबूझमाड़ की निःस्वार्थ सेवा का मिला सम्मान, छत्तीसगढ़ के गोडबोले दंपती पद्मश्री से अलंकृत

रायपुर। अबूझमाड़ के घने जंगलों, दुर्गम पहाड़ियों और माओवादी हिंसा से प्रभावित इलाकों में तीन दशक तक निःस्वार्थ सेवा करने वाले रामचंद्र गोडबोले और उनकी पत्नी सुनीता गोडबोले को सोमवार को पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किया गया।



राष्ट्रपति भवन के दरबार हाल में मिला यह सम्मान केवल एक दंपती की उपलब्धि नहीं, बल्कि उन वनवासी अंचलों की पीड़ा और संघर्ष की भी राष्ट्रीय पहचान है, जहां वर्षों तक गोडबोले दंपती ने जीवन समर्पित कर सेवा की। महाराष्ट्र के सतारा जिले से आने वाले रामचंद्र और पुणे की सुनीता वर्ष 1990 में विवाह के सात दिन बाद ही बस्तर के बारसूर पहुंच गए थे। उस समय अबूझमाड़ और आसपास के इलाके स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा और बुनियादी संसाधनों से लगभग वंचित थे। माओवादी प्रभाव और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यहां पहुंचना भी आसान नहीं था, लेकिन गोडबोले दंपती ने इन्हीं कठिन परिस्थितियों में सेवा का रास्ता चुना। बारसूर पहुंचते ही गोडबोले ने वनवासी कल्याण आश्रम के बंद पड़े क्लीनिक को दोबारा शुरू किया। वहीं सुनीता ने गांव-गांव जाकर अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। स्थानीय समाज से जुड़ने के लिए दोनों ने गोंडी भाषा सीखी। इसी आत्मीयता और विश्वास ने उन्हें वनवासी समाज के बेहद करीब ला दिया।

### एक लाख से अधिक लोगों का किया इलाज

रामचंद्र गोडबोले अब तक एक लाख से अधिक लोगों का इलाज कर चुके हैं। दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा और अबूझमाड़ के अनेक गांव आज भी उनके (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 2883 करोड़ का शराब घोटाला: छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन दास को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को छत्तीसगढ़ शराब नीति घोटाले से जुड़े दो मामलों में राज्य के पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन दास को जमानत दे दी।



चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस विपुप एम पांचोली की पीठ ने मुख्य मामले और मनी लांड्रिंग केस दोनों में यह राहत दी है। कोर्ट ने नोट किया कि मामले के अन्य सह-आरोपित पहले से ही जमानत पर हैं और मुकदमे की सुनवाई पूरी होने में काफी समय लगेगा। इस घोटाले से सरकारी खजाने को 2,883 करोड़ के नुकसान का अनुमान है।

### सह-आरोपी पहले से जमानत पर

ईडी के अनुसार, यह घोटाला 2019 से 2023 के बीच भूपेश बघेल की तत्कालीन कांग्रेस सरकार के दौरान हुआ था जिसमें राजनीतिक और प्रशासनिक सांठगांठ से सरकारी दुकानों में शराब सप्लाई कर अवैध कमीशन वसूला गया। ईडी ने इससे सरकारी खजाने को 2,883 करोड़ के नुकसान का अनुमान लगाया है। इस मामले में राज्य की आर्थिक अपराध शाखा आपराधिक पहलुओं की और ईडी मनी लांड्रिंग की जांच कर रही है। इससे पहले, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट इस मामले में पूर्व उप सचिव सौम्या चौरसिया को जमानत दे चुका है। बहरहाल, निरंजन दास को क्रमशः 18 सितंबर, 2025 और 19 दिसंबर, 2025 को दोनों मामलों में गिरफ्तार किया गया था। जांच एजेंसियों ने उन्हें इस घोटाले का कथित मुख्य सूत्रधार (किंगपिन) (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 14.22 लाख किसानों का लोन माफ, तमिलनाडु के नए सीएम विजय ने दिया बड़ा तोहफा

नई दिल्ली। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने सीमान्त किसानों के लिए 50,000 रुपये तक का सहकारी बैंक फसल ऋण माफ करने की घोषणा की। बड़े किसानों का 50,000 रुपये तक का कर्ज माफ होगा। बता दें कि इस घोषणा से राज्य के 14.22 लाख किसानों को लाभ होगा, इस पर 2,044 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।



### सीधे सहकारी बैंकों को ट्रांसफर होगी राशि

सरकार का कहना है कि यह राशि सीधे सहकारी बैंकों को ट्रांसफर की जाएगी ताकि किसानों के नाम पर कोई बकाया न रहे। यह फैसला उन किसानों के लिए राहत की सांस है जिनकी फसल मौसम की मार या बाजार की अनिश्चितता से बर्बाद हो जाती है।

### जल्द जारी होगी गाइडलाइन

सीएम की इस घोषणा के बाद किसानों में खुशी की लहर है। किसान नेता इस फैसले का स्वागत कर रहे हैं। वहीं, तमिलनाडु सरकार जल्द ही इस योजना को लागू करने के लिए गाइडलाइंस जारी करेगी। जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि पात्र किसानों की सूची तैयार की जाए और कोई भी किसान छूट न जाए। सीएम विजय ने सोमवार को एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें कावेरी नदी पर कर्नाटक के प्रस्तावित मेकेदातु बांध प्रोजेक्ट पर राज्य की प्रतिक्रिया की समीक्षा की गई। तमिलनाडु ने लगातार इस प्रोजेक्ट का विरोध किया है, यह दावा करते हुए कि इससे राज्य के नदी जल के हिस्से पर असर पड़ सकता है और किसानों को नुकसान हो सकता है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह बैठक कर्नाटक में इस प्रोजेक्ट के लिए हाल ही में किए गए भूमि पूजन के बाद बुलाई गई थी। चर्चा का मुख्य बिंदु तमिलनाडु के जल अधिकारों की रक्षा करना और यह सुनिश्चित करना था कि किसानों के हितों की सुरक्षा हो।

## अजय चंद्राकर ने टीएस सिंहदेव को दी कांग्रेस छोड़ने की नसीहत, बोले- अपमान की भी एक पराकाष्ठा होती है

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के संगठनात्म चुनाव को लेकर सियासत जारी है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी को लेकर जमकर राजनीति हो रही है। इसी क्रम में बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता और प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव को कटाक्ष करते हुए उन्हें एक नसीहत भी दी है। चंद्राकर ने दिग्गज नेता टीएस सिंहदेव को कांग्रेस छोड़ने की नसीहत दी है।



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मैं टीएस सिंहदेव के बयान पर प्रतिक्रिया नहीं देता वाले बयान को लेकर विधायक अजय चंद्राकर ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार बनने के बाद कांग्रेस का एक मिशन बन गया था, कि बाबा साहब को अपमानित करो। बाबा साहब को सलाह दूंगा कि कांग्रेस छोड़ दें। अपमान की एक पराकाष्ठा होती हैं। बाबा साहब एक गौरवशाली वंश से आते हैं। अब बाबा साहब को फैसला करना है कि कांग्रेस में अपमानित होना है या राष्ट्र के विकास के साथ अपनी परंपराओं को आगे बढ़ाना है। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि अगर इतनी चिंता थी तो अपनी सरकार के दौरान विधानसभा या कैबिनेट में यह मुद्दा क्यों नहीं उठाया? क्या केंद्र सरकार (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अमृतसर में कपिल शर्मा के घर के बाहर अंधाधुंध फायरिंग: बाल-बाल बचे अंदर मौजूद परिवार, मुंबई में थे कपिल

अमृतसर। देश के विख्यात कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा के पंजाब के अमृतसर स्थित पैतृक आवास पर सोमवार देर रात अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। अचानक हुई इस गोलीबारी की आवाज से पॉश और बेहद सुरक्षित माने जाने वाले पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। गनीमत यह रही कि इस जानलेवा हमले में कोई भी नागरिक या सुरक्षाकर्मी घायल नहीं हुआ है। सबसे गंभीर बात यह है कि जिस वक्त यह कड़ा हमला हुआ, उस समय कपिल शर्मा का परिवार घर के भीतर ही मौजूद था, जबकि कपिल खुद एक प्रोजेक्ट की शूटिंग के सिलसिले में देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में थे।



### अमृतसर के वीआईपी होली सिटी इलाके में मौजूद बंगले को बनाया निशाना

यह पूरी वारदात अमृतसर के सबसे महंगे और कड़े सुरक्षा वाले होली सिटी आवासीय क्षेत्र में घटित हुई। रविवार देर रात करीब दो से तीन अज्ञात नकाबपोश बदमाश मोटरसाइकिल पर सवार होकर कपिल शर्मा के बंगले के बाहर पहुंचे थे। बदमाशों ने मुख्य गेट को निशाना बनाते हुए दो राउंड सीधे कड़े फायर किए और घटना को अंजाम देने के तुरंत बाद मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी भारी बल के साथ मौके पर पहुंचे और सुरक्षा घेरा मजबूत करते हुए फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### कनाडा में कपिल के कप्स कैफे पर हो चुके हैं 3 बड़े हमले

अमृतसर में हुई इस ताजा फायरिंग की कड़ियों को सुरक्षा एजेंसियां अंतरराष्ट्रीय धागों से जोड़कर देख रही हैं। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब कपिल शर्मा अपराधियों के निशाने पर आए हों। इससे पहले कनाडा के सरे में स्थित कपिल शर्मा के विख्यात कमर्शियल आउटलेट कप्स (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अभिषेक बनर्जी के आवास पर पुलिस की छापेमारी, कम्प्यूटर समेत कई दस्तावेज किए गए जब्त

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता, राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के कोलकाता स्थित निजी आवास पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीमों ने अचानक एक बड़ी छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया है।



इस हाई-प्रोफाइल कार्रवाई के दौरान अभिषेक बनर्जी के घर के बाहर और आसपास के पूरे इलाके में भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अचानक हुई इस प्रशासनिक घेराबंदी से पूरे राज्य के राजनीतिक हलकों में कयासों और तीखी बहसों का दौर बेहद तेज हो गया है।

### हरीश मुखर्जी रोड स्थित आवास पर हुई छापेमारी

यह पूरी कार्रवाई कोलकाता के पॉश इलाके में स्थित 188ए हरीश मुखर्जी रोड वाले अभिषेक बनर्जी के मुख्य आवास पर सोमवार दोपहर को की गई। पुलिस के आला अधिकारियों ने आवास के भीतर कई घंटों तक सघन तलाशी ली। तलाशी अभियान पूरा होने के बाद बाहर निकली पुलिस की टीमें अपने साथ कंप्यूटर मॉनिटर, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज, सीपीयू और कई अन्य महत्वपूर्ण फाइलों व विधिक दस्तावेजों को जब्त कर अपने साथ लेकर रवाना हुई हैं।

### कोलकाता नगर निगम द्वारा जारी अवैध निर्माण का नोटिस बना वजह

शुरुआती जांच और प्रशासनिक सूत्रों से मिली आधिकारिक जानकारियों के मुताबिक, इस पूरी कार्रवाई का सीधा संबंध कोलकाता नगर निगम द्वारा पूर्व में जारी किए गए एक विधिक नोटिस से जुड़ा हुआ है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## रमन सिंह बोले- नहीं भूल सकते झीरम घाटी नक्सल हमले की पीड़ा को, अब नक्सलवाद पर निर्णायक लड़ाई हुई पूरी

रायपुर (दावा)। 25 मई 2013 का वो दिन छत्तीसगढ़ कभी नहीं भूल सकता। कांग्रेसियों के लिये यह काला दिन के समान है। हम बात कर रहे हैं झीरम घाटी नक्सल हमले की। इस बड़े नक्सली हमले को आज पूरे 13 साल हो गये। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इस दिन को याद करते हुए ट्वीट कर अपनी पीड़ा व्यक्त की है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि झीरम घाटी नक्सल हमले की पीड़ा को छत्तीसगढ़ की भूमि कभी भूल नहीं सकती। इस कायराना नक्सली हमले में अपने प्राणों की आहुति देने वाले प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं वीर जवानों को मैं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। उनका बलिदान सदैव हमें लोकतंत्र और जनसेवा के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता रहेगा। उन सभी शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं गया है। आज प्रदेश में नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई पूरी हुई है। हमारी सरकार ने सुरक्षा बलों के साहस, जनसहयोग और मजबूत संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्त करने में सफलता प्राप्त की है। अब बस्तर को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना हमारे शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है।



## ट्रम्प मुस्लिम देशों से बोले- इजराइल से दोस्ती करें: पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ेंगी, वह इजराइल को देश भी नहीं मानता

वॉशिंगटन डीसी। ट्रम्प ने मुस्लिम देशों से इजराइल के साथ रिश्ते बेहतर करने को कहा है। उन्होंने शनिवार को सऊदी अरब, कतर, पाकिस्तान, तुर्किये, मिस्र और जॉर्डन के नेताओं के साथ वर्चुअल मीटिंग की।

ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि अमेरिका ने ईरान संकट को सुलझाने के लिए बहुत मेहनत की है। अब जरूरी है कि ये सभी देश अब्राहम अकॉर्ड्स (समझौते) में शामिल हों। यानी इजराइल के साथ रिश्ते बेहतर करें। ट्रम्प ने कहा कि यूएई और बहरीन पहले से अब्राहम समझौते का हिस्सा हैं। कुछ देशों के पास इसमें शामिल न होने की 'एक-दो वजहें' हो सकती हैं, लेकिन ज्यादातर देशों को इसके लिए तैयार होना चाहिए। दरअसल, पाकिस्तान समेत इन मुस्लिम देशों ने अभी तक इजराइल को मान्यता नहीं दी है। ये देश इजराइल के साथ व्यापारिक और डिप्लोमेटिक से लेकर किसी भी तरह का रिश्ता भी नहीं रखते हैं।



### ट्रम्प बोले- इजराइल से रिश्ते सुधारने पर फायदा होगा

ट्रम्प ने कहा कि अगर ये देश इजराइल के साथ रिश्ते बनाते हैं तो यह समझौता इतिहास की सबसे बड़ी घटनाओं में बदल सकता है। उन्होंने दावा किया कि अब्राहम अकॉर्ड्स से जुड़े देशों को आर्थिक, व्यापारिक और सामाजिक स्तर पर बड़ा फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि यूएई, बहरीन, मोरक्को, सूडान और कजाकिस्तान को इससे खूब फायदा मिला है। उन्होंने इसे दुनिया का सबसे सम्मानित और सबसे महत्वपूर्ण समझौता बताया। ट्रम्प ने दावा किया कि अब्राहम अकॉर्ड्स पश्चिम एशिया को 5000 साल में पहली बार असली ताकत, शांति और आर्थिक मजबूती दे सकता है। सऊदी अरब और कतर को अब्राहम अकॉर्ड्स साइन करके इसकी शुरुआत करनी चाहिए। बाकी देशों को भी ऐसा करना चाहिए। इससे पहले अमेरिकी न्यूज वेबसाइट एक्सियोस ने ट्रम्प की मुस्लिम देशों के नेताओं के साथ मीटिंग का दावा किया था। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने शनिवार को मोहम्मद बिन सलमान (सऊदी), मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, तमिम बिन हमद अल थानी (कतर), आसिम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सुशासन तिहार को मिल रहा अच्छा प्रतिसात



0 रेवाडीह में 190 आवेदन प्राप्त
0 नशा मुक्ति के लिए दिलाई शपथ, गोद भराई की रस्म पूरी कर संपत्तिकर भुगतान करने वाले करदाता किया सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। जनता की समस्या का समाधान करने तथा उन्हे शासन की योजनाओं का लाभ देने प्रदेश में सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तहत निकाय क्षेत्र में जन समस्या निवारण के लिए वार्डो में आयोजित शिविर का अच्छा प्रतिसात मिल रहा है, वार्डवासी अपने मांगे व शिकायत संबंधी आवेदन लेकर उत्साह से पहुँच रहे है। आज रेवाडीह मैदान में वार्ड नं. 21 के लिए शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बडी संख्या में वार्डवासी पहुँच मांग एवं शिकायत संबंधी 190 आवेदन जमा किए। जिसमें मांग के 165 तथा शिकायत के 25 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनो का अतिशीघ्र निराकरण किया जाएगा।

रेवाडीह मैदान मे आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में महापौर मधुसूदन यादव शामिल होकर वार्डवासियो की समस्या सुनी। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनो का यथासंभव समय सीमा में निराकरण किया जायेगा। शिविर में इतनी गर्मी में विभिन्न विभागो के अधिकारी कर्मचारी जनता से संवाद करते है और उनकी समस्या से अवगत होते है। जिसके लिए मै उनका आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा कि आज के शिविर में बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित होकर अपनी मांगो व शिकायतो के संबंध में आवेदन दे रहे है। वार्ड में पेयजल के लिए इंटर कनेक्शन तथा बोर में पंप ठीक करने, टंकी लगाने संबंधी मांग आई है, इसी प्रकार भवन एवं रोड नाली निर्माण की भी बाते आई है। उन्होंने कहा कि बोर एवं टंकी संबंधी कार्य जल्द पूर्ण किया जाएगा तथा निर्माण संबंधी कार्य प्राथमिकता तय कर समाधान करने का प्रयास किया जायेगा।

महापौर यादव ने स्टालो का निरीक्षण कर वार्डवासियो से रूबरू हुए। उन्होंने राजगामी संपदा न्यास की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू सहित वार्ड पार्षद व खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की प्रभारी सदस्या श्रीमती बीना ध्रुव, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा तथा पूर्व पार्षद मुकेश ध्रुव की उपस्थिति में नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से गर्भवती महिलाओ की गोदभराई करा नवजात शिशुओ का अन्न प्राशन कराये तथा अपने बकाया करो का भुगतान करने वाले वार्ड के करदाता को सम्मानित किया। शिविर में स्वास्थ्य एंव आयुष विभाग द्वारा वार्डवासियो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

दिनांक 28 मई गुरूवार को वार्ड नं. 30,31,32,33,34,35 व 36 के लिए लखोली स्कूल मैदान में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया जायेगा। आज के शिविर में नगर निगम सहित जिला प्रशासन के विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# 'मस्ती की पाठशाला' की हो स्थाई व्यवस्था, महापौर निधि से राशि स्वीकृत करें - हेमंत ओस्तवाल



राजनांदगांव (दावा)। शहर कांग्रेस के पूर्व महामंत्री हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम से शहर के प्रथम नागरिक महापौर मधुसूदन यादव से संस्कारधानी में खेल और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली 'मस्ती की पाठशाला' के आयोजन को स्थाई रूप देने की मांग की है। ओस्तवाल ने सुझाव दिया है कि सप्ताह में केवल एक दिन (रविवार) को चौपाटी पर होने वाले इस अस्थाई आयोजन की जगह, शहर की जनता के लिए 12 महीने और पूरे वर्ष भर इसका लाभ मिले, ऐसी स्थाई व्यवस्था की जानी चाहिए।

**उजाड़ हो रही पुष्प वाटिका का हो कायाकल्प**

हेमंत ओस्तवाल ने पत्र में कहा कि रानीसागर चौपाटी के पास स्थित पुष्प वाटिका कई एकड़ क्षेत्र में फैली हुई है, जो वर्तमान में उजाड़ हो रही है। इस क्षेत्र के हरे-भरे वृक्षों के बीच 'मस्ती की पाठशाला' का स्थाई केंद्र बनाया जाना चाहिए। इसके साथ ही, निगम सीमा के भीतर सभी वर्गों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासकीय, नजूल, राजगामी और निगम की जमीनों को चिन्हांकित किया जाए। शहर के हर 10 वार्डों के बीच एक-एक जगह इस तरह की स्थाई पाठशाला का निर्माण होना चाहिए।

पूर्व महामंत्री ने वर्तमान व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्तमान में डीजे, लाउडस्पीकर, टेंट आदि के लिए भारी-भरकम किराया देकर अस्थाई आयोजन किया जा रहा है। शासन से प्रतिवर्ष महापौर निधि के रूप में लगभग 1 करोड़ 25 लाख रुपये की राशि प्राप्त होती है। महापौर को जनता के प्रति अपनी संवेदनशीलता दिखाते हुए इस निधि से सामग्री खरीदकर स्थाई व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि नगर निगम इस अस्थाई आयोजन पर हर सप्ताह होने वाले खर्च को सार्वजनिक करें, ताकि जनता को स्पष्ट हो सके कि उतने ही खर्च में पूरे 12 महीने के लिए स्थाई निर्माण किया जा सकता है।

**बंद पड़ी ट्राय ट्रेन को तत्काल शुरू करने की मांग**

ओस्तवाल ने मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का उदाहरण देते हुए महापौर पर चुटकी ली। उन्होंने कहा- जिस तरह मध्यप्रदेश की जनता शिवराज सिंह चौहान को प्यार से 'मामा' कहती है, उसी तरह राजनांदगांव के भांजों के लिए स्थाई मस्ती की पाठशाला का निर्माण करवाकर महापौर जी भी 'मामा' बन सकते हैं। लेकिन वर्तमान में ननिहाल आए बच्चों में भारी नाराजगी है, क्योंकि पुष्प वाटिका में बच्चों की टॉय ट्रेन (रेल) लंबे समय से बंद पड़ी है। महापौर इस बंद ट्रेन को तत्काल शुरू करवाएं।

**जागरूक संस्थाओं को किया जाए प्रेरित**

पत्र के अंत में उन्होंने मांग की है कि खेल गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए नगर निगम के बजट में इसका स्थाई प्रावधान किया जाए। इसके साथ ही, जो सामाजिक और जागरूक संस्थाएं इस रचनात्मक कार्य को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं, उन्हें भी प्रेरित कर इस आयोजन को और अधिक भव्य रूप प्रदान किया जाना चाहिए।

# सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें- कलेक्टर



कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की ली बैठक

○ तेज गर्मी को देखते हुए विद्युत सब स्टेशनों एवं ट्रांसफार्मरों में अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के दिए निर्देश
○ अवैध रूप से खाद विक्रय एवं भण्डारण करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव (दावा)।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में ईंधन संरक्षण के दृष्टिगत एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर आज जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में एसडीएम, सीईओ, सीएमओ एवं अन्य अधिकारियों ने वर्चुअली उपस्थिति सुनिश्चित की।

कलेक्टर ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत शिविरों में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर मौके पर ही गुणवत्ता जांच कर पात्र हितग्राहियों को त्वरित लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तेज गर्मी एवं बढ़ते तापमान को ध्यान में रखते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी विद्युत सब स्टेशनों एवं ट्रांसफार्मरों में अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संभावित आगजनी की घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, नियमित निरीक्षण, साफ-सफाई तथा तकनीकी खामियों का समय पर निराकरण किया जाए, ताकि विद्युत आपूर्ति बाधित न हो और जनसुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

कलेक्टर ने पीजी पोर्टल, पीजीएन जन शिकायत, मुख्यमंत्री जनदर्शन तथा कलेक्टर जनदर्शन के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने विभागवार समीक्षा के दौरान लंबित मामलों पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी विभागों को निर्धारित समय-सीमा में प्राथमिकता के आधार पर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन के सभी आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने तथा निराकरण की जानकारी संबंधित आवेदकों को भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में खाद भण्डारण एवं वितरण की स्थिति की जानकारी ली।

जिले की सहकारी समितियों में खाद का भण्डारण किया गया है, जिसे किसानों को वितरण किया जा रहा है। कलेक्टर ने अवैध रूप से खाद विक्रय एवं भण्डारण करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के ई-केवाईसी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि पात्र हितग्राहियों का समय-सीमा में ई-केवाईसी कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि उन्हें योजना का लाभ निर्बाध रूप से मिल सके। कलेक्टर ने जिले में संचालित स्वामित्व योजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत लंबित प्रक्रियाओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि हितग्राहियों को समय पर स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुसुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एम भार्गव सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# महिला को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले आरोपी को मोहला पुलिस ने किया गिरफ्तार




एससी/एसटी एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई, आरोपी न्यायिक रिमांड पर भेजा गया

मोहला **(दावा)।** थाना मोहला क्षेत्र अंतर्गत मर्ग क्रमांक 26/25 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मृतिका शीतल नेताम पिता मुरहाराम मंडावी उम्र लगभग 23 वर्ष निवासी ग्राम छुरिया वार्ड नं. 17 थाना मोहला जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के आत्महत्या प्रकरण की जांच की जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी वाय. पी. सिंह (भा.पु.से.) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीतांबर पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मोहला नोहर लाल मंडावी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी मोहला निरीक्षक संदीप टोप्पो के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर जांच की गई।

जांच उपरांत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना हेतु आजाक थाना को डायरी सुपुर्द की गई, जिसमे यह तथ्य प्रकाश में आया कि आरोपी सूरज उर्फ सोनू राजपूत पिता राजू राम राजपूत उम्र लगभग 31 वर्ष निवासी वार्ड नं. 03 मोहला थाना मोहला जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी द्वारा मृतिका को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। मृतिका अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित थी, जिसके बावजूद आरोपी द्वारा उसे लगातार परेशान एवं उत्पीड़ित किया गया, जिससे क्षुब्ध होकर मृतिका द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किया जाना पाया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना मोहला में अपराध क्रमांक 48/2026 धारा 108 बीएनएस एवं 3(2)(वी) एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटनास्थल निरीक्षण, गवाहों के कथन, परिजनों से पूछताछ एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की संलिप्तता पाए जाने पर आरोपी सूरज उर्फ सोनू राजपूत को 25 मई को विधिवत गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने पर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक ईश्वर ध्रुव, सउनि. नरेन्द्र भंडारी, सउनि. ताज खान, प्रधान आर. सुनील उपाध्याय, आरक्षक ललित कुर्रे, आरक्षक दिनेश पंकज का विशेष योगदान रहा।

# मूलभूत समस्याओं ने जनता का पारा चढ़ाया, महापौर को सूझ रही मस्ती



नेता-प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले का फायर ब्रांड बयान

राजनांदगांव (दावा)। शहर में एक ओर जनता बिजली, पानी, सड़क और सफाई जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है, वहीं दूसरी ओर नगर निगम प्रशासन और महापौर 'मस्ती की पाठशाला'' में व्यस्त नजर आ रहे हैं।

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने महापौर मधुसूदन यादव और निगम प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जनता परेशान है लेकिन जिम्मेदारों को जनसमस्याओं की कोई चिंता नहीं है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने शहर की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर निगम प्रशासन और महापौर पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी और आगामी बारिश को देखते हुए प्रशासन को मूलभूत सुविधाओं की तैयारी में जुटना चाहिए था लेकिन नगर निगम के जिम्मेदार लोग जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर मनोरंजन और आयोजनों में व्यस्त हैं।

श्री पिल्ले ने आरोप लगाया कि शहर में अब तक सड़क डामरीकरण का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। कई जगहों पर सड़के अधूरी पड़ी हुई हैं जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिन ठेकेदारों ने समय पर काम पूरा नहीं किया उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाना चाहिए। साथ ही अधूरे पड़े डामरीकरण कार्य को बारिश से पहले तत्काल पूरा कराने की मांग की। उन्होंने ने नंदई, सिंगई सहित शहर के विभिन्न इलाकों में नालों की सफाई व्यवस्था को भी पूरी तरह फेल बताया।

उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन द्वारा की गई सफाई सिर्फ थूक पॉलिश साबित हुई है। बरसात से पहले नालों की समुचित सफाई नहीं होने से जलभराव और गंदगी की समस्या विकराल रूप ले सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि बिजली विभाग द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर कई पेड़ काटकर नालों में छोड़ दिए गए हैं जिससे नालों की स्थिति और भी खराब हो गई है। श्री पिल्ले ने कहा कि एक तरफ शहर की मूलभूत व्यवस्थाएं चरमरा रही हैं वहीं भाजपा नेता और निगम प्रशासन रविवार को मस्ती की पाठशाला में झूमते नजर आए।

उन्होंने चौपाटी क्षेत्र की बदहाली का जिक्र करते हुए कहा कि वहां शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है लक्ष्मण झूला टूटा पड़ा है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने हाईमास्ट लाइट व्यवस्था पर भी सवाल उठाए और कहा कि चौपाटी क्षेत्र में हाईमास्क लाइट लगाए जाने के बावजूद शाम होते ही पूरा इलाका अंधेरे में डूब जाता है। श्री पिल्ले ने निगम प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो जनता सड़कों पर उतरने मजबूर होगी।

# प्राक्कयन परीक्षा के मॉडल उत्तर के संबंध में दावा-आपत्ति 30 मई तक आमंत्रित

**राजनांदगांव (दावा)।।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों अंतर्गत सत्र 2026-27 के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्कयन परीक्षा का मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in पर प्रदर्शित किया गया है। जारी मॉडल उत्तर के संबंध में 30 मई 2026 तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजनांदगांव में स्वयं उपस्थित होकर दस्तावेजों (प्रमाण) सहित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बिना प्रमाण के दावा-आपत्ति को पूर्णतः अमान्य किया जाएगा। प्राप्त दावा आपत्ति के परीक्षण पश्चात विशेषज्ञों द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा। दावा आपत्ति के संबंध में विषय विशेषज्ञों का अंतिम निर्णय ही अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। डाक द्वारा दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**
राजस्व मामला क्रमांक 202605093700051
अ-6 वर्ष 2025-26

**-: ईश्तहार :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शहनाज बेगम ध.प. अब्दुल रज्जाक, निवासी बल्देवबाग, राजनांदगांव तहसील व जिला-राजनांदगाँव के द्वारा शहर राजनांदगांव मोहल्ला बल्देवबाग स्थित शीट क्रमांक 34, भूखण्ड क्रमांक 2,3/1, क्षेत्रफल 10162.37 वर्गमीटर जो धारक इंडियन एग्रो एण्ड फुड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड मैनेजिंग डायरेक्टर बहादुर अली आ. स्व. अब्दुल अजीज, हेड ऑफिस बल्देव बाग, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूखण्ड में से क्षेत्रफल 260.22 वर्गमीटर भूखण्ड पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 09.06.2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी। यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी,
नजूल जांच, राजनांदगांव

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजनांदगांव (छ.ग.)**
phone-07744-299703 email-eerjn-phe-cg@nic.in

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना//**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा, क्रमांक 15 दिनांक 17.04.2026 (जी क्रमांक 262700283) एवं निविदा क्रमांक 17 दिनांक 29.04.2026 (जी क्रमांक 262700472) को एकल होने के कारण निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
जी- 262700974/1 खण्ड, राजनांदगांव (छ.ग.)




**शुभांक**
अनुमानित
बी. के.
3-5-9
557-7 255-2
राजधानी
2-4-6
560-1 290-1
चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**आवश्यकता है**
ड्राइवर और वर्कर की.
ओम पेयजल, राजनांदगांव में काम करने हेतु
कार्य स्थानः राजनांदगांव
जल्दी संपर्क करें...
8103758669, 7999161135

**आवश्यकता है**
AB फाइनेंस सर्विस
टेली कॉलिंग के लिए 2 पद लड़कियों के लिए।
वेतन 5000/- से 8000/-
- संपर्क करें -
पता-दिग्विजय कॉलेज रोड गोपी बर्तन दुकान के पास, राजनांदगांव
मो. 8962993342

**कार्यालय कलेक्टर, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छग)**
Email-collector-kcg@cg.gov.in Phone No-0782029950

**-:: सार्वजनिक सूचना ::-**

क्रमांक 3012/भू-अर्जन/भूक़नी/2026 खैरागढ़, दिनांक 15/05/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत सिद्धबाबा जलाशय के अंतर्गत कोटरा माईनर नहर निर्माण कार्य में प्रभावित ग्राम-सुराडबरी, प.ह.नं.-20, रानिमं.- उदयपुर, तहसील-छुईखदान, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, छुईखदान के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है :-

| स. क्र | भूधारक का नाम | खसरा नंबर | कुल रकबा (हे.में) | अर्जित रकबा (हे.में) | भूमि का प्रकार सिंचित, असिंचित पड़त मुख्य मार्ग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | तोरन पिता बिसराम जाति-लोधी | 9/3 | 0.434 | 0.081 | असिंचित |
| 2. | लेडगा पिता पंचम जाति-तेली | 1/1 | 0.886 | 0.182 | असिंचित |
| | कुल योग- | 02 | 1.320 | 0.263 | |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह समाचार-पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिंखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। (कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

अपर कलेक्टर
जी-262700956/2 जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)




**कार्यालय तहसीलदार एवं व्यवस्थापक राजगामी सम्पदा, राजनांदगांव**

**निविदा सूचना**

क्रमांक / 201/रा.स./2026 राजनांदगांव, दिनांक 22.05.2026

श्रीमति सूर्यमुखी देवी राजगामी सम्पदा न्यास राजनांदगांव की 08 ग्राम में स्थित कृषि भूमि को दिनांक 10.06.2026 से 15.05.2027 तक की अवधि के लिए लायसेंस पर कृषि कार्य के लिये दिया जाना है। इस बाबत् मोहरबंद निविदा दिनांक 03.06.2026 दिन बुधवार को दोपहर 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे खोली जावेगी। निविदादाता चाहे तो उपस्थित रह सकते है।

| क्र. | ग्राम का नाम | रकबा एकड़ में | निविदा के साथ डी.डी. | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | खपरीकला | 76.63 | 3,85,000.00 | 50,000.00 | रूपये 500.00 |
| 2 | घुपसाल | 142.32 | 4,68,000.00 | 50,000.00 | रूपये 500.00 |
| 3. | सोमनी | 46.29 | 1,95,000.00 | 39,000.00 | रूपये 500.00 |
| 4. | ककरेल | 114.41 | 2,45,000.00 | 49,000.00 | रूपये 500.00 |
| 5. | बरगांव-2 | 27.74 | 1,68,000.00 | 34,000.00 | रूपये 500.00 |
| 6. | छुरिया | 63.79 | 1,31,000.00 | 26,000.00 | रूपये 500.00 |
| 7. | गोपालपुर | 149.11 | 6,54,000.00 | 50,000.00 | रूपये 500.00 |
| 8. | चांदगढ़ी | 5.70 | 9,100.00 | 1,800.00 | रूपये 500.00 |

निविदा की शर्ते, कृषि भूमि के चक की विस्तृत जानकारी एवं अन्य जानकारी कार्यालय व्यवस्थापक राजगामी सम्पदा राजनांदगांव में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते है।

तहसीलदार एवं व्यवस्थापक
राजगामी सम्पदा, राजनांदगांव

# श्री खाटूश्याम बाबा की शहर में निकली भव्य निशान यात्रा

## धूमधाम के साथ निसान यात्रा का हुआ शहर भ्रमण, श्याम प्रभु की मस्ती में झूमे श्रद्धालु



### बाबा के भजन में जमकर झूमे श्रद्धालु

बता दें कि राजस्थान के 'सूरजगढ़ निशान यात्रा सूरजगढ़ दरबार से हजारीलाल जी इंदौरिया जिनके द्वारा खाटू श्याम मंदिर राजस्थान में कार्तिक एवं फागुन एकादशी में सर्वप्रथम इनका निशान ही चढ़ाया जाता है की पूरी टीम के द्वारा निशान यात्रा निकाली गई जो सायं 5 बजे गायत्री मंदिर प्रांगण से कामठी लाइन, भारत माता चौक, तिरंगा चौक से रामाधीन मार्ग होते हुए दानी श्याम कुटीर सुरजन गली पहुंचेगी। निसान यात्रा के साथ सिंगर जस्सी सैनी एवं योगेश शर्मा द्वारा भजन कीर्तन करते हुए आयोजन की शोभा बढ़ा रहे थे। वहीं खाटू श्याम के दिवानो द्वारा गाए जा रहे श्याम प्रभु के भजनों के साथ झूमते नाचते नर नारियों की कतार रही।
'सूरजगढ़ निशान यात्रा सूरजगढ़ दरबार (राजस्थान) से हजारीलाल जी इंदौरिया जिनके द्वारा खाटू श्याम जी मंदिर राजस्थान में कार्तिक एवं फागुन एकादशी में सर्वप्रथम इनका निशान ही चढ़ाया जाता है की पूरी टीम के द्वारा निशान यात्रा निकाली गई जो सायं 5 बजे गायत्री मंदिर प्रांगण से कामठी लाइन ,भारत माता चौक, तिरंगा चौक से रामाधीन मार्ग होते हुए दानी श्याम कुटीर सुरजन गली पहुंचेगी निसान यात्रा के साथ सिंगर जस्सी सैनी एवं योगेश शर्मा जी द्वारा भजन कीर्तन करते हुए आयोजन की शोभा बढ़ा रहे थे। वहीं श्री खाटू श्याम के दिवानो द्वारा गाए जा रहे श्याम प्रभु के भजनों के साथ झूमते नाचते नर नारियों की कतार रही।

**राजनांदगांव(दावा)।** शहर के केसर नगर स्थित गायत्री विद्यापीठ प्रांगण मे प्रारंभ हुए खाटू श्याम के भक्तों का पांच दिवसीय खाटू श्याम महोत्सव के आयोजन का आज धूमधाम के साथ शहर में निसान यात्रा निकाली गई। गायत्री मंदिर प्रांगण से शाम 5 बजे रामाधीन मार्ग स्थित श्री श्याम कुटीर तक निकलने वाली इस विशाल निसान यात्रा में ढोल नगाड़ों,व श्याम बाबा के जयकारों की गूंज रही।

उक्त निसान यात्रा में बड़ी संख्या में खाटू श्याम के भक्त जन उपस्थित रहे। इस दौरान विशाल रंग- बिरंगी आर्च वाले रथ में सवार श्री खाटू श्याम के परम भक्त शोभायमान हो रहे थे। इस अवसर पर आयोजन समिति के अमित खंडेलवाल, राजू डागा, संजय तेजवानी, अमित शर्मा अखिलेश रावत, चंद्रिका प्रसाद सिन्हा, सुषमा सिंह, टीना खंडेलवाल,ममता अवस्थी, निधी बाजपेई, अर्चना दास,लता बसोड़, कीर्ति अग्रवाल, पिंकी खंडेलवाल आदि की उपस्थिति में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर में धूनि खप्पर धारण किए बाबा की मस्ती में झूमते नाचते चल रही थी वहीं पुरुष जन श्री खाटू श्याम बाबा के लाल व नीले पीले रंग के चमकते ध्वज को धारण किए शोभायमान हो रहे थे। श्री खाटू श्याम जी के निसान यात्रा का शहर में जगह-जगह स्वागत अभिनन्दन किया गया।? भक्त जनों द्वारा पुष्प वर्षा भी की गई।

# छत्तीसगढ़ की महिलाओं को मिलेगी बड़ी सौगात

### खाते में आएंगे 20 हजार रुपए, इस योजना के तहत मिलेगा लाभ

**रायपुर (दावा)।** छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं लागू की है। इनमें महतारी वंदन योजना सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। जिसके तहत सरकार हर महीने महिलाओं को 1000 रुपए दे रही है। इसके अलावा साय सरकार निर्माण कार्यों से जुड़े मजदूरों और उनके परिवारों के लिए भी कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इन्हीं में एक अहम योजना है मिनीमाता महतारी जतन योजना, जिसके जरिए गर्भवती महिला श्रमिकों और उनके नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य एवं पोषण के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। आइए जानते हैं कि योजना के बारे में। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं को सहायता देने के लिए मिनीमाता महतारी जतन योजना की शुरुआत की गई है। यह शासन की श्रमिक हितैषी योजना है, जिसे विशेष रूप से निर्माण श्रमिक परिवारों के लिए शुरू किया गया है। इस योजना के माध्यम से उन गर्भवती महिलाओं को सहायता प्रदान की जा रही है, जो भवन निर्माण तथा असंगठित क्षेत्र में निर्माण कार्य में मजदूरी करती हैं या जिनके पति मजदूरी करते हैं। योजना का मुख्य लक्ष्य गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहयोग देकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। सरकार गर्भवती महिलाओं की संस्थागत डिलीवरी के लिए 20 हजार रुपये की सहायता देती है।

### 12 मई 2022 से बदला गया नाम

बता दें कि पहले यह योजना 'भगिनी प्रसूति सहायता योजना' के नाम से संचालित होती थी। बाद में 12 मई 2022 को इसका नाम बदलकर मिनीमाता महतारी जतन योजना कर दिया गया।

# कलेक्टर ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालानी कार्रवाई करने दिए निर्देश

### राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य मार्गों के नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों पर नियमित जांच कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**राजनांदगांव(दावा)।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेकर जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटना से मृत्यु दर में कमी लाने के लिए विशेष तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थलों में आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग एवं अन्य प्रमुख सड़कों पर दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर, साईन बोर्ड, रिफ्लेक्टर तथा हाईमास्ट लाईट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आम नागरिकों की सहभागिता भी आवश्यक है। इसके लिए व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाते हुए लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति प्रेरित किया जाए। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जिले के अन्य प्रमुख मार्गों के सड़क किनारे नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों की नियमित जांच कर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे अव्यवस्थित पार्किंग से यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ती है।

कलेक्टर ने विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करने तथा हेलमेट नहीं पहनने वालों पर सख्ती से कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर चोटों और मृत्यु की संभावना को कम करने में हेलमेट महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके साथ ही सीट बेल्ट का उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, शराब पीकर वाहन चलाने से बचने और मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने के संबंध में भी आमजनों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर नियमित चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने जिले में सड़क सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों, सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति, ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन, जागरूकता कार्यक्रमों तथा प्रवर्तन कार्रवाई की जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### जिला अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्मी के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई

**राजनांदगांव (दावा)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि गर्मी के दृष्टिगत जिला अस्पताल राजनांदगांव के सभी वार्डों में एसी एवं कूलर की व्यवस्था की गयी है। साथ ही अस्पताल परिसर में पर्याप्त पंखों तथा शुद्ध व शीतल पेयजल व्यवस्था की गयी है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व उप स्वास्थ्य केन्द्रों में भर्ती मरीजों तथा ओपीडी हेतु पंखे एवं कूलर की व्यवस्था की गयी है। साथ ही आवश्यकता अनुसार जीवनदीप समिति से पंखे एवं कूलर की पूर्ति की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों को लू से बचाव सहित अन्य स्वास्थ्य जागरूक किये जाने हेतु अलर्ट जारी किया गया है।

# मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन विषय पर शिविर का किया गया आयोजन

### भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया आयोजन

**राजनांदगांव(दावा)।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्काउट भवन स्टेट स्कूल परिसर राजनांदगांव में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन विषय पर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में माहवारी नहीं कोई बीमारी, माहवारी की जानकारी महिला का है सम्मान सूत्र के माध्यम से किशोरियों को जागरूक कर उनकी झिझक शंका का समाधान किया गया। साथ ही महिला सम्मान एवं महिला स्वास्थ्य जागरूकता पीरियड्स पर खुलकर भ्रांतियां पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित की गई। सभी ने अपने कार्य क्षेत्र सहित घर परिवार आस-पड़ोस से इस विषय पर खुलकर चर्चा करने का संकल्प लिया। जिससे महिला स्वास्थ्य के प्रति सजगता सहित सामाजिक भ्रांतियों को दूर किया जा सके।

कार्यशाला का संचालन एवं प्रशिक्षण जिला संगठन आयुक्त स्काउट, मयूख श्रीवास्तव श्रीमती भारती रजक जिला संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती पूजा शर्मा गाइडर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राज्य उपाध्यक्ष राजेन्द्र गोलछा, जिला मुख्य आयुक्त महेश खंडेलवाल, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बघेरा श्रीमती सैमुअल मैडम, जिला सचिव देवेंद्र अम्बादे, विकास खण्ड सचिव स्काउट गाइड टोमन लाल पटेल, रामलाल चंद्रवंशी, रामनारायण साहू, प्रवीण साव, विकासखण्ड सह सचिव श्रीमती सुनीता चंद्राकर, मनीष कुमार सोनी सहित सभी विकासखंड राजनांदगांव, छुरिया, डोंगरगढ़, डोंगरगांव विभिन्न शालाओं से स्काउटर-गाइडर स्काउट, गाइड प्रभारी डॉ आंबेडकर ओपन रोवर क्रू सरोजनी ओपन रेंजर टीम के रोवर रेंजर ने प्रशिक्षण लिया।

# तपती दोपहर में भी भाजपा प्रत्याशी ने झोंकी पूरी ताकत, जनसंपर्क में मिल रहा जनता का भरपूर समर्थन

**घुमका (दावा)।** नवीन नगर पंचायत घुमका में प्रथम नगर पंचायत अध्यक्ष चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां लगातार तेज होती जा रही हैं। चुनाव प्रचार के लिए अब प्रत्यक्ष जनसंपर्क के कुछ ही दिन शेष रह गए हैं, ऐसे में भाजपा प्रत्याशी किरण वर्मा सहित सभी 15 वार्डों के पार्षद तपती दोपहरी में भी लगातार जनसंपर्क अभियान को गति प्रदान कर रहे हैं। घर-घर पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ता एवं प्रत्याशी जनता से आशीर्वाद और समर्थन मांग रहे हैं।



केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता से सकारात्मक प्रतिसाद मिल रहा है, जिससे भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण निर्मित है। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी ने नगरवासियों के सामने घुमका के विकास हेतु अपनी प्राथमिकताओं और संकल्पों को भी रखा। उन्होंने कहा कि घुमका की सबसे बड़ी समस्या लगातार गिरते जलस्तर की है, जिसके कारण पेयजल एवं सिंचाई दोनों प्रभावित होते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए सोनबरसा नाला में उपयुक्त स्थान पर रपटा सहित एनीकट का निर्माण कराया जाएगा तथा पुराने स्टॉपडेम के गेट की मरम्मत कर जल संरक्षण व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।

नगरवासियों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु नई पानी टंकी का निर्माण कराया जाएगा। वहीं कुंवारझोरकी डायवर्सन के पानी को प्रत्येक किसान तक पहुंचाने के लिए नालियों की मरम्मत एवं आवश्यक सुधार कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि रुसे नहर को प्रधानपाठ बैराज से लिंक करने की दिशा में कार्य किया जाएगा, जिससे गर्मी के दिनों में तालाबों को भरकर निस्तारी और सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। साथ ही रुसे नहर का पानी सोनबरसा स्टॉपडेम एवं प्रस्तावित एनीकट तक पहुंचाने की योजना पर भी कार्य किया जाएगा, ताकि जल संकट का स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सके। नगर में बंदरों की बढ़ती समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने कहा कि नगरवासियों एवं वन विभाग के समन्वय से ठोस और प्रभावी उपाय किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त लंबे समय से लंबित गोपालपुर मार्ग निर्माण कार्य को भी प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराया जाएगा। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से घुमका नगर पंचायत को विकास की नई दिशा देने का कार्य किया जाएगा तथा जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास होगा।

# योगेश सारथी बने सूत सारथी समाज के प्रदेश अध्यक्ष



**राजनांदगांव (दावा)।** सूत सारथी समाज के नई प्रदेश कार्यकारणी का गठन रायपुर के लाखेनगर मे स्थित सुंमत भवन मे किया गया।

इस चुनाव में प्रदेश भर से भारी संख्या में आये सदस्यों की उपस्थिति में योगेश सारथी अध्यक्ष पद पर व महासचिव पद पर विक्रम सेंगर भारी मतों से विजय हुए। वहीं उपाध्यक्ष पद पर गणेश सोनवानी, कोषाअध्यक्ष पद पर लक्ष्मी प्रसाद सारथी, साथ ही कार्य कारणी पद पर श्रीमति स्मृति बाला बंछोर, श्रीमति सरोज हेमलता सारथी, मुरारी सारथी, अशोक सारथी, हेमंत सारथी, जीवन सारथी निर्विरोध चुने गये।चुनाव समिति के अध्यक्ष ए.आर. बघेल व उनके सदस्यों द्वारा विधिवत चुनाव कराकर निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र दिया गया।

# जैन संतों की सुरक्षा को लेकर सकल जैन समाज मे गहरा आक्रोश

छुईखदान (दावा)। हाल ही में जैन साध्वी आर्यिका माता जी के साथ हुई दुखद दुर्घटना तथा देशभर मे लगातार जैन साधु-संतों के साथ घट रही घटनाओं को लेकर सकल जैन समाज छुईखदान में गहरा आक्रोश एवं चिंता व्याप्त है। समाज के लोगों ने इन घटनाओं को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि अहिंसा संयम एवं तपस्या का संदेश देने वाले जैन संतों की सुरक्षा को लेकर शासन एवं प्रशासन को गंभीरता से ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

इसी संबंध मे सकल जैन समाज छुईखदान के प्रतिनिधिमंडल ने अनुविभागीय दंडाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री केंद्रीय गृहमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष पारदर्शी एवं उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान समाज के लोगों ने कहा कि जैन साधु-संत पूर्णतः अहिंसक निहत्थे एवं पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते है, जो समाज को शांति सद्भाव करुणा एवं आत्मसंयम का संदेश देते है, इसके बावजूद देश के विभिन्न हिस्सों में उनके साथ हो रही घटनाएं अत्यंत पीड़ादायक और चिंताजनक है।

समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि आर्यिका माता जी के साथ हुई दुर्घटना ने पूरे जैन समाज को आहत किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं से संत समाज मे असुरक्षा की भावना बढ़ रही है तथा शासन प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि वह संतों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। प्रतिनिधियों ने कहा कि जैन संत कठिन तपस्या एवं पैदल विहार के माध्यम से धर्म प्रचार और जनकल्याण का कार्य करते हैं, ऐसे में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना समाज और शासन दोनों की नैतिक जिम्मेदारी है। ज्ञापन मे प्रमुख रूप से आर्यिका माता जी दुर्घटना प्रकरण की एसआईटी अथवा न्यायिक जांच कराने घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज वीडियो एवं अन्य डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखने तथा दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई।




### आर्यिका माता जी दुर्घटना प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग प्रधानमंत्री गृहमंत्री एव मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

समाज ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होने से ही वास्तविक तथ्य सामने आ सकेंगे और दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी इसके अतिरिक्त ज्ञापन में देशभर मे विहाररत जैन संतों के लिए तत्काल संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने की मांग भी की गई। समाज ने सुझाव दिया कि संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रो मे विशेष सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए तथा पैदल विहार के दौरान प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया जाए।

सकल जैन समाज ने सरकार से राष्ट्रीय स्तर पर संत सुरक्षा नीति बनाए जाने की मांग करते हुए कहा कि इसमे पैदल विहार करने वाले संतों हेतु विशेष सुरक्षा प्रावधान शामिल किए जाए साथ ही साधु-संतों के विरुद्ध होने वाले अपराधों को विशेष संवेदनशील श्रेणी में रखा जाए ताकि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई एवं कड़ी कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा सके

# प्रधानमंत्री आवास योजना से तोषण यादव के घर-परिवार में आई खुशियां

### तोषण का बना पक्का आशियाना

**राजनांदगांव(दावा)।** राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम डिलापहरी की निवासी श्रीमती तोषण यादव के जीवन में प्रधानमंत्री आवास योजना ने नई उम्मीद और खुशियां लेकर आई है। कभी जर्जर कच्चे मकान में रहने को मजबूर परिवार आज पक्के घर में सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी रहा है। श्रीमती तोषण यादव बताती हैं कि पहले उनका कच्चा मकान काफी जर्जर हो गया था। बरसात के दिनों में घर की स्थिति और खराब हो जाती थी तथा परिवार को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था। परिवार के सदस्यों को असुरक्षा की चिंता बनी रहती थी। ऐसे समय में प्रधानमंत्री आवास योजना उनके लिए सहारा बनी। योजना के तहत स्वीकृत आवास से अब उनका सुंदर और पक्का आशियाना बन गया है। उन्होंने बताया कि पक्के मकान से परिवार को सुरक्षा, सुविधा और सम्मान मिला है। अब परिवार के पांच सदस्य बेहतर वातावरण में रह रहे हैं। घर में बारिश, गर्मी और अन्य मौसम की परेशानियों से राहत मिली है।



श्रीमती तोषण यादव ने कहा कि हर जरूरतमंद गरीब परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उठाना चाहिए। यह योजना गरीब परिवारों के लिए बहुत मददगार है। पक्का मकान बनने से हमारे परिवार की जिंदगी बदल गई है। उन्होंने सुशासन तिहार 2026 के तहत लगाए जा रहे शिविरों की सराहना करते हुए कहा कि सुशासन तिहार शिविर लगने से लोगों को बहुत फायदा होता है। शासन की योजनाओं की जानकारी और लाभ एक ही जगह मिल जाता है। श्रीमती तोषण यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने उनके परिवार को नई खुशियां और बेहतर जीवन का आधार दिया है।

## अनमोल दावा

"संघर्ष में कभी हार नहीं माननी चाहिए क्योंकि जीवन हमें हमेशा एक और मौका देता है।

## सम्पादकीय

# व्यापक ट्रैफिक जाम से रोजाना 960 करोड़ का खर्च

देश में एक और पेट्रोल और डीजल की कीमतें क्रमशः बढ़ते जा रही है और इसी के साथ इसके ''शार्टेज'' होने की खबरें भी हैं। देश के अनेक जिलों के पेट्रोल पम्पों में वाहन चालकों और किसानों की लम्बी कतारे इस बात की पुष्टि करती है। समय की नजाकत के मद्देनजर पेट्रोल और डीजल की संग्रहणरखोरी भी हो रही है। देशवासियों द्वारा वाहनों को चलाने में फ्यूल की खपत तो होती है, किन्तु ट्रैफिक में भी बेलगाम रूपयों का पेट्रोल और डीजल उड़ा देते हैं।

हाल ही में नाइदरलैण्ड की एक प्रसिद्ध कंपनी लोकेशन टेक्नालाजी और डिजीटल नेवीनेशन कंपनी व टामटाम ने टोलटैक्स के द्वारा अध्ययन किया गया था। इसके अलावा ''पीक अवर्स'' में और सामान्य स्थिति में जब साइड मिलती थी या मार्ग खुला रहता था तो आप चंद मिनटो में आप को घर की दूरी का भी पता लगाकर पहुंचने का अनुमान लग जाता था।

उक्त कम्पनी के द्वारा जो डाटाज दिए गए हैं, उसको देखते हुवे ऐसा लगता है कि वास्तव में भारतीयों को अपने वाहनों को चलाने की आदत, सरकार को अपने आयोजनों और अन्य बाबतों ऊपर ध्यान देने की जरूरत है। सरकार केवल लोगों को कार पुलिंग करने का कहती है या फिर ''वर्क फ्राम होम'' अथवा तो सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने को कहती है। लेकिन इससे केवल जवाबदारी पूरी नहीं हो जाती। सरकार और जनता की सहयोग भागीदारी से ही अनुकूल परिणाम आ सकते हैं। कंपनी के द्वारा दुनियाभर के वाहनों, स्मार्टफोन, जीपीएस डिवाईस और रियल टाईम ट्रैफिक डाटाज इकट्ठा कर सर्वे किया गया था। भारत में भी हर साल लोग ट्रैफिक जाम में फंसे रहते हैं। जिससे अनुमानित 3.50 लाख करोड़ रूपयों का पेट्रोल-डीजल फूंक दिया जाता है।

हाल ही सार्वजनिक हुई रिफर्ट कहती है कि, भारतीयों के द्वारा अनुमानित हर साल 3.45 लाख करोड़ रूपयों का पेट्रोल और डीजल का खर्च केवल ट्रैफिक के कारण किया जाता है। जिसमें भारत के चार महानगरों जैसे दिल्ली, मुंबई, कोलकात्ता और बेंगलुरू के द्वारा इसमें से अधिकांश खर्च किया जाता है। इन चार महानगरों के द्वारा हर साल 1.50 लाख करोड़ रूपए के पेट्रोल का धुंआ केवल ट्रैफिक के दौरान किया जाता है। रिपोर्ट दर्शाती है कि, देशवासियों के द्वारा प्रतिदिन ट्रैफिक में 960 करोड़ रुपए के फ्यूल का खर्च किया जाता है। जिसमें से लगभग चालीस प्रतिशत याने कि 400 करोड़ रुपयों का व्यय केवल उक्त महानगरों में होता है।

सर्वे में बताया गया है कि भारत में हर साल ट्रैफिक जाम जैसी समस्याओं के कारण 34.6 अरब लिटर फ्यूल बर्बाद किया जाता है। ट्रैफिक इन्डेक्स दर्शाता है कि, बेंगलुरू और दिल्ली जैसे बड़े शहरों में आफिस जाने-आने के दौरान लोग ट्रैफिक में फंसे रहते हैं। जिसके कारण प्रति माह वे 20 से 25 लिटर फ्यूल का अधिक उपयोग होता है। उनकी जेबों पर उतना ही भार बढ़ता है। वे धीरे-धीरे वाहन चलाकर या सिग्नलों पर खड़े खड़े रहने के दौरान फ्यूल का दुरुपयोग करते हैं।

भारत में ट्रैफिक जाम की व्यवस्था और सड़कों के डायवर्सन की समस्या बहुत ही विकट है। सम्पूर्ण एशिया की बात आती है तब भी भारत के शहरों की खराब ट्रैफिक के लिए अभी भी बदनाम है। एशिया के सबसे अधिक ट्रैफिक जाम में रहने वाले 10 शहरों की सूची में 6 शहर भारत के हैं। उसमें भी सबसे अधिक खराब स्थिति बेंगलुरू की है। पुरे एशिया में दूसरे क्रम में और विश्व में 5 वें क्रम में आता है। इन दोनों शहरों की स्थिति बहुत खराब है। दूसरी ओर मुंबई एशिया में 6 वें स्थान में हैं। नई दिल्ली 7 वें स्थान में है। कोलकाता एशिया में 9 वें और जयपुर 10 क्रम में आने वाले शहर हैं।

उल्लेखनीय कि, पेट्रोलियम मंत्रालय के द्वारा हाल ही आयी रिपोर्ट में दर्शाया गया है कि, देश द्वारा अपनी जरूरत के क्रूड आइल में 88 प्रतिशत क्रूड आयात किया जाता है। जिसके कारण, अनुमानित 11 लाख कराड़ रूपयों का खर्च होता है। भारत के द्वारा हर माह अनुमानित 92,000 करोड़ रूपए का खर्च केवल क्रूड लाने के पीछे किया जाता है। हाल ही में माह के खर्च का आंकड़ा बढ़कर सीधा 1.5 लाख करोड़ रूपए तक पहुंच गया है। जिसका अर्थ यह कि , हाल में भारत जितना खर्च करके माह में क्रूड आयात करते हैं, उतनी ही कीमत का फ्यूल चार बड़े शहरों मुं ट्रैफिक जाम से खर्च किया जाता है।

जानकारों के मतानुसार देश में फ्यूल की जो बर्बादी होती है, उसमें अधिकांशतः सरकार जवाबदार है। इसके अलावा, जनता का भी थोड़ा बहुत दोष है। वास्तव में, देश में किसी भी शहरों में ट्रैफिक का उचित आयोजन नहीं होता। सड़के खराब हैं, गुणवत्ताविहीन निर्माण होता है। कहीं भी किसी भी सड़क का खोद काम कर दिया जाता है। डायवर्सन दे दिया जाता है। सड़कों में कहीं पर भी अनुचित स्थान में सिग्नलों को लगा दिया जाता है। जिसके कारण, लोगों को 5-7 किलोमीटर की यात्रा में आधे घण्टे बर्बाद हो जाते हैं। देश का लोक निर्माण विभाग सड़कें और ब्रिज-पुलों के निर्माण में बहुत भ्रष्टाचार होता है। गलत जगहों में ब्रिज बना दिए जाते हैं। जनता सरेआम ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हैं और यह सब यातायात पुलिस के सामने होता है। पुलिस नियमों का भय बताकर वाहन चालकों से वसूली करती है।

## बदलता इंफ्रास्ट्रक्चर, बढ़ता भारत

# रायपुर-विशाखापट्टनम कॉरिडोर से खुलेगा तरक्की का द्वार

*धनजंय राठौर (संयुक्त संचालक)*

भारत आज तीव्र गति से आधुनिक बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) और सुदृढ़ आर्थिक नेटवर्क के निर्माण की दिशा में अग्रसर है। सड़क, रेल, बंदरगाह और लॉजिस्टिक्स को एकीकृत करते हुए देश को आर्थिक रूप से अधिक सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास निरंतर जारी है। विकास के इसी दूरदर्शी दृष्टिकोण का एक उत्कृष्ट उदाहरण रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर है। यह कॉरिडोर केवल दो शहरों को जोड़ने वाली सड़क परियोजना नहीं है, बल्कि यह ष्नए भारत की नई रफ्तारष् का प्रतीक है, जो उद्योग, व्यापार, निवेश और रोजगार के नए क्षितिज खोलने जा रहा है।

**मध्य-पूर्वी समुद्री तट को जोड़ने वाला महामार्ग**

रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर देश के मध्य भाग को पूर्वी समुद्री तट से जोड़ने वाला एक अत्यंत महत्वपूर्ण आर्थिक मार्ग है। यह छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के बीच निर्बाध कनेक्टिविटी (संपर्क) स्थापित करेगा, जिससे सड़क परिवहन, लॉजिस्टिक नेटवर्क और औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। इस परियोजना को प्रधानमंत्री की ''गति शक्ति'' और ''आत्मनिर्भर भारत'' की सोच को धरातल पर उतारने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

**विकास का मूलमंत्र**

किसी भी राज्य या देश के विकास का सबसे मजबूत आधार उसका इंफ्रास्ट्रक्चर होता है। जहां विश्वस्तरीय सड़कें, सुगम परिवहन और अत्याधुनिक लॉजिस्टिक सुविधाएं होती हैं, वहां उद्योगों का तेजी से विस्तार होता है और निवेश आकर्षित होता है। यह कॉरिडोर माल परिवहन को अधिक तीव्र, सुरक्षित और लागत प्रभावी (कम खर्चीला) बनाएगा। इसके परिणामस्वरूप उद्योगों को कच्चा माल आसानी से उपलब्ध होगा और तैयार उत्पाद कम से कम समय में बाजार तक पहुंच सकेंगे। चूंकि विशाखापट्टनम बंदरगाह देश के प्रमुख समुद्री द्वारों में से एक है, इसलिए इस कॉरिडोर के माध्यम से छत्तीसगढ़ को सीधे पोर्ट कनेक्टिविटी मिलेगी। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि राज्य के उद्योगों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक सीधी पहुंच स्थापित होगी, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलेगी।

**छत्तीसगढ़ को मिलने वाले प्रमुख लाभ**

रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था के लिए गेम-चेंजर साबित होने वाला है। छत्तीसगढ़ खनिज संपदा, ऊर्जा संसाधनों, कृषि और वनोपज से समृद्ध राज्य है। यहाँ लौह अयस्क, कोयला, बॉक्साइट और स्टील उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं। पूर्व में बेहतर परिवहन और लॉजिस्टिक नेटवर्क के अभाव के कारण उद्योग अपनी पूरी क्षमता का लाभ नहीं उठा पाते थे, परंतु यह कॉरिडोर



''गति शक्ति और आत्मनिर्भर भारत के विजन से छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई उड़ान'

इन चुनौतियों को समूल समाप्त कर देगा।

**औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन**

कॉरिडोर के निर्माण से रायपुर, दुर्ग, भिलाई, धमतरी, कांकेर और जगदलपुर जैसे क्षेत्रों में नए औद्योगिक क्लस्टर्स विकसित होंगे। स्टील, सीमेंट, एल्युमिनियम, खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) और एमएसएमई (लघु उद्योगों) को एक नई ऊर्जा मिलेगी, जिससे घरेलू और विदेशी निवेशकों का रुझान इस क्षेत्र की ओर तेजी से बढ़ेगा।

**रोजगार के नए अवसरों का सृजन**

इतनी बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजना के आने से रोजगार के अवसर भी आनुपातिक रूप से बढ़ते हैं। सड़क निर्माण, वेयरहाउसिंग, लॉजिस्टिक पार्क्स, नई औद्योगिक इकाइयों और परिवहन सेवाओं के माध्यम से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे। स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में जीविकोपार्जन के साधन मिलने से पलायन की समस्या पर काफी हद तक रोक लगेगी।

**बस्तर क्षेत्र का कायाकल्प**

यह कॉरिडोर बस्तर संभाग के लिए विशेष रूप से परिवर्तनकारी सिद्ध होगा। लंबे समय से विकास की मुख्यधारा से कटे क्षेत्रों में बेहतर स?क और व्यापारिक संपर्क स्थापित होगा। बस्तर के बहुमूल्य वन उत्पाद, अनूठे हस्तशिल्प, कृषि उपज और लघु उद्योगों को बड़े बाजार तक पहुंच मिलेगी, जिससे आदिवासी समुदायों की आय में वृद्धि होगी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

**कृषि और वनोपज को सही मूल्य**

छत्तीसगढ़ देश में धान के कटोरे के रूप में प्रसिद्ध है। इसके अतिरिक्त यहाँ मक्का, दलहन, फल और लघु वनोपज का भी प्रचुर मात्रा में उत्पादन होता है। बेहतर परिवहन व्यवस्था से किसानों और वनोपज संग्राहकों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने में सुगमता होगी। परिवहन लागत घटने से सीधे तौर पर किसानों का मुनाफा बढ़ेगा।

**पर्यटन उद्योग को नई उड़ान**

चित्रकोट जलप्रपात, तीरथगढ़, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, सिरपुर और बस्तर के सांस्कृतिक पर्यटन स्थलों तक पहुंच सुगम होने से राज्य में पर्यटन उद्योग को भारी बढ़ावा मिलेगा। इससे होटल, गाइड, स्थानीय परिवहन और हस्तशिल्प व्यवसायियों की आय दोगुनी होगी।

**व्यापार और निर्यात में ऐतिहासिक वृद्धि**

विशाखापट्टनम पोर्ट तक आसान और तेज पहुंच से छत्तीसगढ़ के उद्योगों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता (कॉम्पिटिटिवनेस) बढ़ेगी। संक्षेप में कहें तो, रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर महज एक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की प्रगति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता का नया महामार्ग है। यह छत्तीसगढ़ को देश के एक प्रमुख औद्योगिक और व्यापारिक हब के रूप में स्थापित करने का सामर्थ्य रखता है। मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर ही सशक्त अर्थव्यवस्था की नींव होता है, और यही परियोजना आने वाले समय में छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। नए भारत की नई रफ्तार का यह कॉरिडोर देश के हर कोने को प्रगति की साझा मुख्यधारा से जोड़ने का एक जीवंत माध्यम है।

**मुख्यमंत्री का विजनः छत्तीसगढ़ की समृद्धि का महामार्ग**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर हमारे छत्तीसगढ़ की आर्थिक रीढ़ बनने जा रहा है। हमारा राज्य खनिज संपदा, कृषि और समृद्ध वनोपज से परिपूर्ण है, लेकिन वैश्विक बाजारों तक सीधी और तीव्र पहुंच न होने से हमारे उद्यमियों और किसानों को अपनी क्षमता का पूरा लाभ नहीं मिल पाता था। यह कॉरिडोर हमारी इस भौगोलिक चुनौती को अवसर में बदल देगा। विशाखापट्टनम बंदरगाह से सीधे जुड़ने के बाद छत्तीसगढ़ का स्टील, हस्तशिल्प और कृषि उत्पाद सीधे अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अपनी धाक जमाएंगे। हमारी सरकार का संकल्प है कि इस मार्ग के किनारे अत्याधुनिक औद्योगिक क्लस्टर और लॉजिस्टिक पार्क विकसित किए जाएं, ताकि स्थानीय युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार मिले और बस्तर सहित पूरे राज्य में खुशहाली का एक नया दौर शुरू हो।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 434 : भरत जी ने नंदीग्राम में स्वयं को प्रतिनिधि मानकर प्रारंभ किया शासन

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



भरत जी के साथ गुरु वसिष्ठ, माताओं, शत्रुघ्न जी, आर्य सुमंत, निषादराज एवं अन्य लोगों ने श्रीराम, सीताजी तथा लक्ष्मण जी से विदा ली।

महाराज जनक और महारानी सुनयना के मन में सीताजी के भावी वन जीवन के कष्टों के प्रति पीड़ा का भाव है,किंतु उनके त्याग के कारण गर्व भाव भी है। महारानी सुनयना ने कहा, 'तुमने सूर्यवंश के साथ- साथ निमिवंश का भी गौरव बढ़ाया है। हमें तुम पर गर्व है पुत्री। तुम वन में अपने कर्तव्यों का पालन करना और पुत्र राम की अर्धांगिनी के रूप में धर्म पथ पर उनके साथ चलना।'

माता कौशल्या ने श्री राम को विजयी भवः एवं सीताजी को अखंड सौभाग्यवती भव : का आशीर्वाद दिया। सभी ने आपस में भेंट की और मिथिला के समूह ने पर्णकुटी से अयोध्या समूह के साथ ही प्रस्थान किया। भरत जी के आग्रह पर महाराज जनक भी उनके साथ अयोध्या निकले।

सबने मार्ग में मुनि भरद्वाज के आश्रम, यमुना नदी व गंगा नदी होते हुए श्रृंगवेरपुर में विश्राम किया। अयोध्या में श्रीराम की चरण पादुकाओं का भव्य स्वागत हुआ। भरत जी ने नंदीग्राम में निवास की इच्छा व्यक्त की और मंत्रीपरिषद तथा अन्य विभागाध्यक्षों को निर्देश देते हुए राज्य का शासन प्रबंध प्रारंभ करवाया। भरत जी के आग्रह पर महाराज जनक ने भी शासन के संबंध में अनेक उपयोगी परामर्श दिए।

भरत जी ने अगले 14 वर्षों तक निवास के लिए नंदीग्राम को चुना। यह अयोध्या के निकट व वनक्षेत्र के प्रवेश द्वार पर स्थित है। भरत जी ने गुरु वसिष्ठ की सलाह पर शुभ मुहूर्त में नंदीग्राम से स्वयं को श्री राम का प्रतिनिधि मानते हुए कल्याणकारी शासन प्रारंभ किया। उन्होंने श्री राम की ही तरह तपस्वियों का वेश धारण किया। दोनों खड़ाऊ को एक अलंकृत आसन पर स्थापित किया गया तथा इससे निकट लगी हुई कुटी में श्री राम की ही तरह भरत जी ने तपस्वी जीवन यापन प्रारंभ किया। यह भरत जी के जीवन के संयम, अनुशासन तथा धैर्य से भरे हुए वर्ष हैं।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।इस कृतज्ञ लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर उन्हें मिलने वाली कृपापूर्ण सूझ के साथ - साथ एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### सुरता आथे

जेठ की चरचरावत धाम देख,
बर पेड़ के छांव सुरता आथे।
हर घर अटावत बोर देख,
भादो के बोहावत पानी सुरता आथे।
अइलाय रुख राई ला देख,
सावन के हरयाली सुरता आथे।
घाम ले तिपे सुन्ना अंगना ला देख,
चिरई चूरगुन के गीत सुरता आथे।
आगी उगलत सीमेंट छड़ के छत ला देख,
मोर माटी के पठउहाँ सुरता आथे।
भागत दौड़त शहर के जिनगी ला देख,
गाँव के चावरा म बैठे बबा सुरता आथे।
टंकी के लकलक ले तिपे पानी ला देख,
शीतला मंदिर तीर के तरिया सुरता आथे।
सरी मंझनिया चलत लू ल देख,
पीपर के पुरवईया सुरता आथे।
कुआ के पानी ला सुखावत देख,
डामर के बीछे सड़क सुरता आथे।
चिरई चूरगुन ला सिरावत देख,
घोशला ला उजाड़त मनखे सुरता आथे।
पानी के तलाश मे दौड़त
जंगली जानवर ल देख,
ओखर जंगल म बने मनखे के
कॉलोनी सुरता आथे।
परकिरती के ये दशा ला देख,
जंगल ला काटत मनखे सुरता आथे,
सब्बो करम के जड़ मनखे हे सुरता आथे,
सुरता आथे बस सुरता आथे।



श्रीमती रेशमी साहू ''रश्मि'

## कविता

### //गोहार//

बूँद-बूँद बर हावन तरसत।
सुरुज हवै आगी कस बरसत।।
नदिया नरवा सबो सुखागे।
गरमी मा सब झन थर्रागे।।
तात हवा अब देह जलावय।
मानो कथरी गरम लदावय।।
ठुड़गा हावय पेड़ बिचारा।
कइसे माँगन हमन सहारा।।
कहाँ खोंदरा हमन बनाबो।
रतिहा भर कइसे सुरताबो।।
रखव सकोरा भर तुम पानी।
बाँच जही हमरो जिनगानी।।
जंगल झाड़ी तुम झन काटव।
सब के पीरा ला मिल बाँटव।।
द्वार-द्वार चिरई मन जावैं।
मनखे कर गोहार लगावैं।।



प्रिया देवांगन 'प्रियू'



## सामयिक चर्चा

### एक चुप, हजार सुख

बानी आज खबर पढ़कर,
आश्चर्य कर, बोले - गजाधर!
छत्तीसगढ़ कांग्रेस के
प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी को लेकर,
चल रही बयानबाजी के बीच
पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का
बयान सामने आया है।
टी.एस. सिंहदेव और दीपक बैज के बीच
सियासी खींचतान पर
उन्होंने साफ-साफ बताया है
कि वे टीएस सिंहदेव के
किसी भी बयान पर प्रतिक्रिया नहीं देते।
तो गजाधर! बघेल जी का बयान
क्या ऐसा इसलिए कि वे
कोई झंझट-अंझट मोल नहीं लेते ?
आप इस पर अपनी
क्या प्रतिक्रिया व्यक्त करते है?
गजाधर मुस्कराए, बोले - बानी !
भूपेश बघेल एक कहावत के मम का
बखूबी पालन करते हैं।
और वह कहावत है बानी !
'एक चुप, हजार सुख'
(सोमवार 25 मई 2026)



गिरीश बख्शी


## शब्द सामर्थ्य -049

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 048 का हल**



## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति की सहायता से कोई बाधित कार्य संपन्न हो सकता है। आज मित्रों के साथ में मुलाकात के अवसर बनेंगे और विचारों का आदान-प्रदान भी रहेगा। जिससे कई समस्याओं का समाधान मिलने में भी आसानी होगी। आज परिवार में कोई धार्मिक आयोजन भी संपन्न हो सकता है। किसी से ज्यादा उम्मीदें ना रखें बल्कि अपनी कार्य क्षमता व योग्यता पर ही विश्वास रखें।

**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप अपनी समझदारी और सूझबूझ द्वारा कोई समस्या का हल निकालने में सक्षम होंगे। आज पारिवारिक मामलों में व्यस्तता बनी रहेगी। आज आप लेखन कार्य में रुचि लेंगे आपका लेखन और अच्छा होगा। आज आपकी बातों का प्रभाव दूसरों पर पड़ेगा। अगर आप कोई नया काम शुरू करने की सोच रहे हैं, तो आपको परिवार का पूरा साथ मिलेगा। अगर कोई यात्रा कर रहे हैं।

**मिथुन** — आज आपका दिन लकी रहेगा। कुछ मामलों में मेहनत ज्यादा रहेगी और नतीजा कम लाभ वाला मिलेगा। ऑफिस में कोई नया काम भी सामने आ सकता है। उस नए काम को बहुत अच्छी तरह करने का प्रयास करेंगे। आज आपको धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। किसी खास मित्र से आज आपकी मुलाकात होगी, जिनसे मिलकर आप खुश होंगे। आर्किटेक्ट और इन्जीनियरिंग वालों के लिए आज सफलता भरा दिन है। आज परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आप बुद्धिमत्ता व होशियारी से सभी काम बेहतर तरीके से कर पाएंगे। विद्यार्थी वर्ग भी व्यर्थ की बातों से ध्यान हटाकर अपने अध्ययन के प्रति जागृत रहेंगे। कार्यक्षेत्र में परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। लेकिन ध्यान रखिए, सफलता हासिल करने के लिए आज आपको बहुत मेहनत की जरूरत है। आज आपका रुका हुआ पैसा मिल सकता है।

**सिंह** — आज आप अपने दिन की शुरुआत किसी गरीब की मदद करके करेंगे। आज आपके घर में कोई धार्मिक अनुष्ठान होने से घर में भक्ति भावना का माहौल बना रहेगा। पारिवारिक रिश्तों में हो रही गलतफहमियां आज दूर होंगी। स्किन प्रॉब्लम से परेशान लोग आज अच्छे डॉक्टर से सलाह लेंगे। मित्र के साथ किसी विदेश की यात्रा का योग बन रहा है। किसी बहुत इम्पोर्टेन्ट पर्सन से मुलाकात होगी।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन शांति से भरा होगा। आप दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। अधिकारियों और निचले वर्ग के लोगों से भी समय-समय पर मदद मिलेगी। आज आपके बिजनेस मे तरक्की होगी। ऑफिस में वह काम आपको आज मिल सकता है।

**तुला** — आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बिजनेस संबंधी योजना चल रही है, तो उस पर काम करने की कोशिश करें। आज आर्थिक रूप से दिन अच्छा है। अगर आपका कोई सरकारी मामला अटका हुआ है तो आज उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे। आपको सफलता मिलने की पूरी उम्मीद है। आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक रहने से भी निखार आएगा।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप अपनी योग्यता और कार्यकुशलता द्वारा उम्मीद से ज्यादा लाभ हासिल करने वाले हैं। आज कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों और सहयोगियों का भरपूर समर्पण रहेगा। आपकी एकाग्रता और उपस्थिति माहौल को अनुशासित रखेगी। आज घर के वातावरण को अनुशासित बनाकर रखने में आपका पूरा सहयोग रहेगा।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज घर और बिजनेस दोनों जगह सामंजस्य रखेंगे और निजी कामों के लिए भी समय निकालने में सफल होंगे। पारिवारिक संबंधों में मजबूती आएगी। बुजुर्गों के आशीर्वाद और स्नेह से घर में सकारात्मक ऊर्जा रहेगी। आज का समय भरपूर मेहनत करने का है। आपको अपने प्रयासों के निश्चित ही उचित परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे, पारिवारिक प्रेम बढ़ेगा। आज शांत मन से किसी काम को करेंगें तो जल्द ही पूरा हो जाएगा। कोई पारिवारिक निर्णय लेने से पहले घर के बड़े बुजुर्ग की राय जरूर लें । माता - पिता का आशीर्वाद लेकर घर से निकलेंगे, साथ ही आज आपका कोई रुका काम बनेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिंग में पूरी मेहनत करेंगे। कोरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों का आज फायदा होगा। आज विद्यार्थी प्रैक्टिकल को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। स्वास्थ्य आज पहले से बेहतर रहेगा। नवविवाहित जीवनसाथी आज धार्मिक स्थल पर जाने का विचार करेंगे।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा हो सकता है। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढ़िया साबित होंगे। आज आपको किसी काम करने के लिये ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज माता-पिता के आशीर्वाद से किये गये कामों में आपको सफलता मिलेगी परिवार को जोड़कर चलने से आपकी भूमिका बड़ी हो जाएगी, परिवार में आपका सम्मान बढ़ेगा।

# उर्वरकों की अवैध जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकने कृषि एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा की गई कार्रवाई




राजनांदगांव/ डोंगरगढ़(दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में किसानों को सहकारी एवं निजी क्षेत्रों से आवश्यक मात्रा में उर्वरकों का सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ वितरण सुनिश्चित करने तथा उर्वरकों की अवैध जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मुसराखुर्द स्थित मेसर्स लोधी कृषि केन्द्र के परिसर एवं गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान गोदाम परिसर में 450 बैग यूरिया उर्वरक बिना ओ-फार्म लाइसेंस में दर्ज कराए भंडारित पाया गया। उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के खंड-8 का उल्लंघन पाए जाने पर 450 बैग यूरिया को जप्त कर गोदाम को सील करने की कार्रवाई की गई। इसी तरह ग्राम मोहारा स्थित मेसर्स महादेव कृषि केन्द्र का भी उर्वरक निरीक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पॉश मशीन एवं भौतिक स्टॉक में अंतर पाए जाने पर केन्द्र में भंडारित 36 बोरी यूरिया, 28 बोरी डीएपी एवं 99 बोरी एनपीके 28:28:0 उर्वरक को उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 की धारा 28(1)(डी) के तहत जप्त कर विक्रय परिसर को सील किया गया।

**मुसराखुर्द स्थित मेसर्स लोधी कृषि केन्द्र एवं मोहारा स्थित मेसर्स महादेव कृषि केन्द्र में दी गई दबिश**

**सुकुलदैहान स्थित मेसर्स राजा कृषि केन्द्र में 900 बोरी यूरिया अवैध रूप से भंडारित पाया गया**

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुकुलदैहान स्थित मेसर्स राजा कृषि केन्द्र के औचक निरीक्षण के दौरान 900 बोरी यूरिया बिना ओ-फार्म लाइसेंस में दर्ज कराए भंडारित पाया गया। उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 की धारा 28(1) के तहत उक्त उर्वरक को जप्त कर केन्द्र पर 21 दिवस के लिए विक्रय प्रतिबंध लगाते हुए परिसर को सील किया गया।उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। आवश्यक दस्तावेज एवं साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जाने की स्थिति में नियमानुसार आगामी कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्तायुक्त एवं पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिले में उर्वरक विक्रय केन्द्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार डोंगरगढ़ अमीय श्रीवास्तव, अतिरिक्त तहसीलदार सोनित मेरिया, अनुभागीय कृषि अधिकारी संतलाल देशलहरे, उर्वरक निरीक्षक जीवनलाल चंद्रवंशी व अविनाश दुबे सहित कृषि एवं राजस्व विभाग के मैदानी अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिना हस्ताक्षर वाली शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर हिरासत में लिया राज बैगा को, मिली जमानत



डोंगरगढ़(दावा)। धर्म नगरी डोंगरगढ़ के ऊपर पहाड़ी पर स्थित मां बमलेश्वरी पहाड़ के मध्य भाग में गढ़ माता की पूजा के दौरान राज बैगा द्वारा दी गई मुर्गे की बली से आहत मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर राज बैगा किशोर नेताम को जेल भिजवा दिया था। 4 दिन बाद न्यायालय द्वारा राज बैगा किशोर नेताम को जमानत तो दे दी गई। किंतु इस पूरे प्रकरण में दोनों पक्ष के मध्य अनेक विवादों को जन्म दे दिया है। जिसका निराकरण सभी को मिल बैठकर करने की आवश्यकता प्रतीत हो रही है।

इस घटना के बाद धर्मनगरी डोंगरगढ़ में विराजमान मां बमलेश्वरी देवी की पूजा-अर्चना को लेकर मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति और आदिवासी समाज आमने-सामने आ गए हैं। मां बमलेश्वरी देवी को मां बमलाई देवी के नाम से आदिवासी समाज पूजता चला आ रहा है। आदिवासियों की पूजा पद्धति में बलि प्रथा को अप्रत्यक्ष रूप से मान्यता मिली हुई है। किंतु पहाड़ी पर स्थित मां बमलेश्वरी पहाड़ी के मध्य भाग में गढ़ माता की पूजा अर्चना गोंड पद्धति से कर मुर्गे की बलि स्थानीय प्रशासन के समक्ष दी गई। जिस पर मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल द्वारा की गई शिकायत को आधार मानकर पुलिस प्रशासन द्वारा राज बैगा किशोर नेताम को पुलिस रिमांड में जेल भेज दिया गया था।

**अध्यक्ष के शिकायत पत्र में स्वयं के हस्ताक्षर नहीं**

राज बैगा किशोर नेताम द्वारा गढ़ माता की पूजा के पश्चात दी गई मुर्गे की बली की शिकायत वाला जो पत्र सोशल मीडिया में वायरल किया गया। जिसमें शील के ऊपर अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के हस्ताक्षर दिखाई नहीं दे रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐसे में पूजा - पद्धति के दौरान दी गई बली पर पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे एफ आई आर दर्ज करने को लेकर पीड़ित पक्ष कानूनी राय ले रहा है,की कैसे बिना हस्ताक्षर के की गई शिकायत में एफ आई आर दर्ज कर राज बैगा किशोर नेताम को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर जेल दाखिला किया गया।

**शिकायत पत्र के स्थान पर सीधे एफआईआर वाले पत्र में हस्ताक्षर किया - मंत्री महेंद्र परिहार**

मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के मंत्री महेंद्र परिहार ने बताया कि अध्यक्ष द्वारा की गई शिकायत में उनके हस्ताक्षर नहीं है। उनकी (अध्यक्ष) शिकायत पर अनावेदक राज बैगा के विरुद्ध पुलिस द्वारा दर्ज की गई शिकायत पर मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षर किए गए है।

## पहला कॉलम...

# कांग्रेस कमेटी द्वारा झीरम घाटी शहादत दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया



डोंगरगढ़ (दावा)। 25 मई 2026 को डोंगरगढ़ शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त रूप से *झीरम घाटी शहादत दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया कार्यक्रम में 25 मई 2013 के नक्सली हमले में शहीद हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं स्वर्गीय नंदकुमार पटेल ,स्वर्गीय महेंद्र कर्मा, स्वर्गीय उदय मुदलियार एवं अन्य शहीद साथियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

उक्त कार्यक्रम में डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल , शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरीश भंडारी, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष पंचराम चंदेल, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती संध्या देशपांडे ,श्रीमती नलिनी मेश्राम, शिशुपाल भारती, रिम्मी भाटिया, चुम्मन साहू, नरेश करसे, जितेंद्र भाटिया, मतीन खान ,संजय यादव ,विजयराज चौहान, बबलू शांडिल, रामजी तराने, गणपत रजक, दुलीचंद बडोले, जगतारण यादव, केशव टांडी, मयूर हथेल, सुरेंद्र अंबादे, दिनेश साखरे, सारिका बडोले ,रेखा खोबरागड़े, प्रमोद टेंभुर्णिकर ,रमेश साखरे ,निधि गजभिए अमरीश टांडिया, ललित साखरे, ओमप्रकाश महानदी, पुरुषोत्तम चेलक, के .विनायक राव, सुमित कुमार, निशा निर्मलकर, रितु निर्मलकर, हरक पटेल, नरसिंह वर्मा, मोहन साहू, दयाल साहू, घनश्याम साहू, रामेश्वर कवर, अकिल खान, घनश्याम सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देशी मदिरा शोले ब्रांड व अंग्रेजी विस्की शराब की जब्त



**बिक्री रकम 250 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त टीवीएस एक्सल की हुई बरामदगी**

राजनांदगांव(दावा)। तुमड़ीबोड चौकी पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई करते हुए 15 नग देशी मदिरा शोले ब्रांड व 3 नग अंग्रेजी व्हिस्की के साथ मचानपार निवासी आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने उसके पास से शराब बिक्री की रकम 250 रुपए और घटना में प्रयुक्त टीवी एस एक्सल वाहन की बरामदगी की है।

चौकी प्रभारी दिलीप पटेल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, में अवैध शराब,अवैध गांजा की बिक्री व असामाजिक तत्वों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत 25 मई सोमवार को मुखबीर की सूचना कि ग्राम मचानपार केशला रोड सब्जी बाड़ी के पास एक व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल से अवैध रूप शराब विक्रय कर रहा है ।

**नाकाबंदी कर धरा गया आरोपी**

पुलिस द्वारा मौके पहूंच कर नाकाबंदी करने पर मोटर साइकिल टीवीएस एक्सल सीजी 07 बीजे 5187 में मिला जो नाम पुछने पर अपना नारायण बंधे पिता स्व रामरतन बंधे, उम्र- 51 साल, पता- मचानपार, चौकी तुमडीबोड, थाना लालबाग बताया ।जिसके कब्जे से एक पीले रंग के थैले में रखे 18 पौवा देशी मदिरा प्रत्येक बोतल में 180 एमएल भरी हुई सीलबंद, कुल मात्रा 3.240 लीटर कीमती 1560 रूपये तथा बिक्री रकम 250 रुपए को जप्त किया गया एवं घटना में प्रयुक्त टीवीएस एक्सल सीजी 07 बीजे 5187 कीमती लगभग 30,000 कुल कीमती 31,810 रूपये को जप्त किया गया।

आरोपी के खिलाफ मौके पर अपराध धारा- 34(1) आबकारी एक्ट की अपराध कायम कर विधिवत कार्यवाही करते हुये आरोपी को गिर0 कर जमानत मुचलके पर छोड़ा गया हैं। तथा आरोपी द्वारा आक्रोशित होकर हंगामा करने पर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक श्री पटेल सहित, प्रधान आरक्षक लोकनाथ वर्मा, आरक्षक थलेश देशमुख का विशेष योगदान रहा।

# पशु तस्करी में लिप्त फरार आरोपी को भेजा जेल, अन्य आरोपी का गिरफ्तारी शेष



**आरोपियों के कब्जे से 4 नग गौ वंश, कार व बाइक बरामद**

**डोंगरगांव (दावा)।** पशु धन को गौ मालिकों के द्वारा बाहर छोड़ दिया जाता है और वे रात भर भटकते रहते हैं। वहीं पशु तस्कर इस मौके का फायदा उठाकर क्रूरतापूर्ण तरीके से कट्टीपार ले जाते हैं। इन मवेशी तस्करों की मदद आस पास के ही लोग नाम मात्र पैसों के लिए गौ माता का सौदा कर देते हैं। हाल ही में ग्राम अमलीडीह में हुए गौ तस्करी के मामले में डोंगरगांव पुलिस ने एक फरार आरोपी को पकड़ लिया गया है वहीं अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार गौ रक्षक व सेवक ने दिनांक 14 मई को रात्रि करीब 12 बजे देखा कि एक व्यक्ति रोड में बैठे घुमंतु मवेशी को ग्राम अमलीडीह भाटापारा तालब के पास इकठ्ठा कर रहा है और संदेह हुआ कि वे मवेशी तस्कर है। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए 112 को फोन कर मवेशी तस्करी के संबंध में सूचना दी। उसी दौरान एक सिल्वर रंग कि महिन्द्रा एक्सयूव्ही 500 कार क्रमांक एमएच 48 पी 0567 को भाठापारा तालब के पास ले जाकर खड़ा कर दिया। उसके कुछ समय बाद एक लाल रंग की प्लेटिना क्रमांक सीजी-08-बीजी-1915 से एक व्यक्ति आया जो पहले मवेशियो को इकठ्ठा कर रहा था। वही व्यक्ति अपना मोटर सायकल को कार के पास खड़ा कर वहा पर इकठ्ठा मवेशी को एक्सयूव्ही 500 कार में सवार लोगों के साथ गौवंश को गाड़ी में तस्करी करने के उददेश्य बिना चारा पानी के टुंस-टुंस कर कुरता पूर्वक गाडी में भर रहे थे। कुछ ही समय में डायल 112 गाड़ी का बत्ती देखकर गौ तस्कर गौ वंश 02 नग गाय, 02 नग बछीया, व महिन्द्रा एक्सयूव्ही 500 कार तथा मोटर सायकल सीजी-08-बीजी-1915 को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से भाग गये। जिसे बरामद कर धारा छ.ग. कृषक पशु परिक्षण धिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 व पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत कार्यवाही किया गया।

पूछताछ करने पर गिरगांव निवासी आरोपी खूबलाल साहू पिता केशवराम साहू 37 वर्ष के द्वारा घटना कारित करना स्वीकार करने पर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्यवाही में प्रशिक्षु भापुसे आदित्य कुमार, थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर, उनि पुष्पराज साहू, आरक्षक बीसराम वर्मा की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# आज से ग्राम परना में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ

**0 कलश यात्रा के साथ होगा भव्य शुभारंभ, प्रज्ञा पुराण, दीप यज्ञ के अलावा होगा निःशुल्क संस्कार**

डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम परना (खुर्सीपार) में आज 26 मई से तीन दिवसीय 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ तथा प्रज्ञा पुराण कथा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसका शुभारंभ 26 को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा तथा दूसरे दिन दीपयज्ञ के अलावा यज्ञ के दौरान निःशुल्क संस्कार भी कराये जायेंगे। शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन, परम पूज्य गुरूदेव व परम वंदनीया माताजी के सूक्ष्म संरक्षण में गायत्री प्रज्ञापीठ परना के तत्वावधान में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के ऐनूराम बेलसरिया तथा दुखुराम यादव द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 26 मई, मंगलवार को सायं 4 बजे ग्राम मे भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। दूसरे दिन 27 मई बुधवार को सुबह 8 बजे से पांच कुण्डीय गायत्री महायत्र, दोपहर 3 बजे से गायत्री प्रज्ञा पुराण कथा तथा सायं 6 बजे से दीपयज्ञ का आयोजन होगा। कार्यक्रम के अंतिम दिन 28 मई, गुरूवार को सुबह 8 बजे पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार तथा महापूर्णाहूति होगी। अंतिम कार्यक्रम के समय ही टोली की बिदाई की जायेगी। उन्होंनें बताया कि संपूर्ण कार्यक्रम गायत्री आश्रम चांदो से सम्बद्ध सुरेश यादव दीन के मार्गदर्शन एवं संयोजकत्व में होगा। आयोजन समिति के लोगों ने अंचल के समस्त धर्मप्रेमी सज्जनों, माताओं बहनों सहित परिजनों से तीन दिवसीय कार्यक्रम में अधिकाधिक उपस्थिति का आग्रह किया है।

# सुशासन तिहार : किसान धारसिंह साहू को किसान क्रेडिट कार्ड अंतर्गत 72 हजार रुपए का ऋण मिलने पर खेती किसानी के लिए मिली मदद



**सुशासन तिहार रहा सुखद**

राजनांदगांव(दावा)। सुशासन तिहार ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक, सामाजिक परिवर्तन एवं जनजागरूकता की बयार है। सुशासन तिहार अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम कोपेडीह में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर ग्राम कोपेडीह निवासी किसान धारसिंह साहू के लिए सुखद रहा।

शिविर में उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड अंतर्गत 72 हजार रूपए ऋण का चेक प्राप्त हुआ। चेक मिलने पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि अब ऋण की राशि का उपयोग खेती-किसानी के कार्य में करेंगे। उनके पास 3.32 एकड़ जमीन है और वे धान और गेहूं की फसल लेते है। खेती किसानी का कार्य अच्छी तरह से कर रहे है।

उन्होंने बताया कि निंदाई, गुड़ाई, रोपा एवं अन्य कार्य समय पर होने से अच्छी फसल हो रही है। सरकार ने किसानों को लाभ दिया है। खेती किसानी से अच्छी आय मिलने पर अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार की लोकहितकारी योजनाएं किसानों के लिए बहुतफायदे मंद हो रही है। सरकार की कृषक उन्नति योजना अंतर्गत धान की खरीदी से लाभ मिला है। इसके साथ ही सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ भी ले रहा हूं। उन्होंने बताया कि शिविर में आने से जनमानस को बहुत लाभ मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं के प्रति जागरूकता आयी है और ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड, लर्निंग लाईसेंस, श्रम कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड, महतारी वंदन योजना के तहत ई-केवायसी सत्यापन, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सहित अन्य लाभ मिल रहे हैं। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना अंतर्गत फसलों की खेती के लिए छोटी-मोटी आवश्यकताओं के लिए ऋ्रण मिल जाने से किसानों को राहत मिल रही है।

किसान क्रेडिट कार्ड योजना अंतर्गत किसान परिवार की आवश्यकताओं, कृषि से संबंधित रखरखाव, निवेश के लिए ऋ्रण मिलने पर किसानों को मदद मिल रही है। उन्होंने किसानों के लिए जनहितकारी योजनाओं हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

# डोंगरगांव में सकल जैन समाज द्वारा निकाली गई आक्रोश मौन रैली



**रींवा घटना के विरोध में सौंपा ज्ञापन**

**डोंगरगांव (दावा)।** मध्यप्रदेश के रीवा जिले में जैन साध्वी माताओं के साथ हुई हृदयविदारक घटना से सम्पूर्ण जैन समाज में गहरा आक्रोश एवं शोक व्याप्त है। विगत दिनों रीवा में विहाररत जैन साध्वी माताओं को एक तेज रफ्तार कार चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक टक्कर मार दी गई, जिसमें एक साध्वी माता का दुःखद निधन हो गया तथा अन्य साध्वी माताएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। इस अमानवीय घटना ने पूरे देश के जैन समाज को झकझोर कर रख दिया है। इसी घटना के विरोध स्वरूप आज सकल जैन समाज डोंगरगांव द्वारा विशाल आक्रोश मौन रैली निकली और ज्ञापन दिया। यह मौन रैली आचार्य भगवन विद्यासागर जी महामुनिराज एवं उनके आध्यात्मिक उत्तराधिकारी आचार्य समयसागरजी महामुनिराज के पावन आशीर्वाद एवं आर्यिका सिद्धान्तमति माताजी, आर्यिका पुनीत माताजी एवं आर्यिका विनयमति माताजी ससंघ के सानिध्य में आयोजित की गई।

सकल जैन समाज डोंगरगांव के अध्यक्ष सतीश जैन एवं शीतल लोढ़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मौन रैली केवल विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि साधु-संतों की सुरक्षा, धर्म की गरिमा एवं समाज की एकता के प्रति जागरूकता का प्रतीक है। रैली श्रीदिगम्बर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रेस्ट हाउस पहुंची, जहां समाजजनों ने शांतिपूर्वक स्ष्ठरूएवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कठोर कार्यवाही एवं साधु-संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

# पैदल मार्च के माध्यम से युवा शक्ति की हुंकार, कांग्रेस की नकारात्मक सोच पर किया प्रहार



**नवीन घुमका नगर पंचायत के चुनाव में आज युवा मोर्चा ने पैदल मार्च के माध्यम से अपनी हुंकार भरी**

घुमका (दावा)। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया एवं युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी मोनू बहादुर सिंह, जिला अध्यक्ष चिंटू सोनकर के नेतृत्व में युवा मोर्चा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने घुमका क़े सभी वार्डो का पैदल मार्च के द्वारा जनसंपर्क किया युवा मोर्चा ने भारत माता की जय घोष के साथ घुमका के विकास के लिए कमल छाप पर मतदान करने का आव्हान किया और गगन भेदी नारे भी लगाए और मतदाताओं से विनम्रता के साथ आवाहन करते हुए कहा कि देश की तकदीर और तस्वीर बदलने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार देश के यथोचित सम्मान के लिए निरंतर सेवा कर रहे हैं, देश की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता भारत को विकसित भारत बनाने के मोदी जी के संकल्प को पूरा करने हेतु लगे हुए हैं । सबका विकास, सबका साथ का मूल मंत्र लेकर देश को विकास के रास्ते पर लें जाने के लिए भाजपा संकल्पित है, प्रदेश में विष्णु देव सरकार के माध्यम से विकास के नए कृतिमान स्थापित किए जा रहे हैं, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विगत दिनों घुमका में कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा था महंगाई के दौर में प्रदेश के प्रधानमंत्री इटली की प्रधानमंत्री से फोटोशूट करा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि संकट के दौर में विपक्ष हमेशा देश के साथ खड़ा रहता है परंतु आज पूरी दुनिया में वर्ल्ड वॉर की स्थिति के कारण दुनिया के सभी देशों में महंगाई चरम सीमा पर है और युद्ध के आगाज के कारण पेट्रोल डीजल एवं गैस की उपलब्धता प्रभावित हो रही है, इसकी चिंता करने के लिए मोदी जी ने पांच देशों की यात्राएं की और राजनीति के समीक्षक उनकी इस यात्रा की भूरि भूरि प्रशंसा कर रहे हैं कि संकट की घड़ी में भी देश का मुखिया मूलभूत संसाधनों के लिए लगातार प्रयासरत है ,परंतु दीपक बैज और कांग्रेसियों के नजरिए में खराबी है,उन्हें मोदी जी की लोकप्रियता

नहीं पचती । युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज देश जब विपरीत परिस्थितियों का सामना कर रहा है तब संकट की घड़ी में कांग्रेसी सत्ता का सपना सजोए हुए हैं,और किसी भी प्रकार से विदेशी शक्तियों का साथ देकर मोदी जी को पीछे के दरवाजे से अस्थिर करना चाहते हैं। उन्होंने घुमका के मतदाताओं से कहा कि ऐसे नकारात्मक सोच से ग्रसित लोगों से सावधान रहने की जरूरत है और उन्हें सबक सिखाने के लिए 1 जून को पार्षद एवं अध्यक्ष प्रत्याशी किरण वर्मा हेतु कमल छाप पर मतदान करने का आह्वान किया।

युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष चिंटू सोनकर ने आगामी 1 जून को सभी 15 पार्षदों एवं नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी श्रीमती किरण वर्मा को कमल छाप पर बटन दबाने की अपील मतदाताओं से की।

इस दौरान अतुल रायजादा, विनोद भारती चंद्रभान जंघेल,करण कोसरे, आदित्य पराते,रिभय यादव, अनिरुद्ध मिश्रा, निखिल सिन्हा, चंदन राजपूत, वेभव राजपूत,करणपाल, हर्ष चौहान, असीम ठाकुर, अविनाश वेषणव, प्रशांत रजक,पिंटू वर्मा, यश पारख,सुनील सेन,रवि राजपूत,रीत यादव, अभिषेक यादव, सत्यम मिश्रा, टिकेश्वर ठाकुर, निमेश वर्मा,जयंत साहू, अलंकृत शर्मा, आकाश राजपूत, शुभम अग्रवाल, राकेश मेश्राम, शिवराज द्विवेदी, अजय शर्मा, विजित विजयवार, विशाल राजपूत, विशाल बोपचे, सोमांशु गजेंद्र,ईशान गुहा,समय कपूर,विजेंद्र यादव, समीर श्रीवास्तव अमन जयसवाल उज्जवल कसेर, आशु दरिया, भीषण साहू,वैष्णव,हिमांशु सोनवानी, आशीष सोरी, भीष्म साहू, सकते वैष्णव, सुनील सेन रोहित सिन्हा, सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे

## पहला कॉलम...

### वैश्विक संकट के बीच फिर बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

नई दिल्ली। वैश्विक संकट के बीच देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में सोमवार को एक बार फिर बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पेट्रोल की कीमतों में 2.61 रुपए प्रति लीटर और डीजल में 2.71 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

पिछले 10 दिनों में यह चौथी बार है जब पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। कीमतों में बढ़ोतरी से आम लोगों, यात्रियों और परिवहन क्षेत्र पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। कीमतों में बढ़ोतरी से पहले दिल्ली में पेट्रोल 99.51 रुपए प्रति लीटर और डीजल 92.49 रुपए प्रति लीटर बिक रहा था। लेकिन अब, राजधानी में पेट्रोल 102.12 रुपए प्रति लीटर और डीजल 95.20 रुपए प्रति लीटर पहुंच गया है।

लगातार बढ़ रही ईंधन कीमतों का असर सीधे तौर पर आम आदमी की जेब पर पड़ने लगा है। कीमतों में बढ़ोतरी से टैक्सी, ऑटो और माल ढुलाई सेवाओं के किराए में भी इजाफे की आशंका जताई जा रही है। साथ ही, महंगाई पर भी इसका व्यापक असर पड़ सकता है। इससे पहले, 23 मई को कीमतों में बढ़ोतरी करते हुए सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल की कीमतें 87 पैसे प्रति लीटर और डीजल की कीमतें 91 पैसे प्रति लीटर बढ़ाई थी। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी के बीच पिछले 10 दिन में ईंधन की दरों में यह चौथी बढ़ोतरी है। 15 मई को ही सरकारी तेल कंपनियों ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण बढ़ी हुई ऊर्जा कीमतों का बोझ धीरे-धीरे ग्राहकों पर डालना शुरू किया था।

### भोपाल से स्विट्जरलैंड भेजी फ्लेवर्ड आइस्ड टी की पहली खेप, पीयूष गोयल बोले...

नई दिल्ली। भारत के एमएसएमई अब क्वालिटी और स्वाद के ग्लोबल



स्टैंडर्ड पर अपनी एक मजबूत पहचान बना रहे हैं। इसका सबूत यह है कि फ्लेवर्ड आइस्ड टी प्रीमिक्स की पहली एक्सपोर्ट खेप भोपाल से स्विट्जरलैंड भेजी गई है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, भोपाल से स्विट्जरलैंड भेजी गई फ्लेवर्ड आइस्ड टी प्रीमिक्स की पहली निर्यात खेप, इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि भारत के एमएसएमई अब वैश्विक गुणवत्ता और स्वाद के मानकों पर अपनी मजबूत पहचान बना रहे हैं। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के सहयोग से मध्यप्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को मिली यह नई उपलब्धि नवाचार, मूल्य संवर्धन और निर्यात आधारित विकास को नई दिशा देगी। इससे पहले, मंत्री ने बताया था कि भारत के चाय एक्सपोर्ट में पिछले एक दशक में 93 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी देखी गई है, जो वित्त वर्ष 2013-14 में 4,509 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में 8,719 करोड़ रुपए हो गया है। अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस के मौके पर भारतीय चाय की बढ़ती ग्लोबल अपील के बाद पीयूष गोयल ने चाय को एक भावना बताया और कहा कि यह देश के रोजमर्रा के जीवन, संस्कृति और परंपराओं में गहराई से बुनी हुई है।

# टी20 इंटरनेशनल मैच : टीम इंडिया जून में 6 इंटरनेशनल मैच खेलेगी, टेस्ट- टी20 और वनडे का लगेगा तड़का

नई दिल्ली। टीम इंडिया जल्द ही फिर से मैदान में उतरेगी। जून में ही लगातार मैच खेले जाएंगे। जून में भारतीय टीम कुल मिलाकर 6 इंटरनेशनल मैच खेलेगी। खास बात ये है कि इन दौरान एक महीने के भीतर टेस्ट, वनडे और टी20 इंटरनेशनल मैच खेले जाएंगे। इसका मतलब ये है कि सभी एक्टिव खिलाड़ी मैदान में दिखाई देंगे। अगली सीरीज शुरू होने में अब ज्यादा वक्त बचा नहीं है। अफगानिस्तान के अलावा आयरलैंड से भी सीरीज अगले महीने ही होगी।




भारतीय टीम जून में अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेलेगी। इसके लिए भारतीय टीम का ऐलान भी कर दिया गया है। 6 जून से न्यू चंडीगढ़ में टेस्ट मैच होगा। हालांकि ध्यान रखने की बात ये है कि ये विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं है। हालांकि फिर भी टीम की कोशिश होगी मैच को अपने नाम किया जाए, ताकि आत्मविश्वास आए। ये मैच अगर पूरे पांच दिन तक चला तो 10 जून तक खेला जाएगा।

इस एक टेस्ट के बाद भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। सीरीज का पहला मुकाबला 14 जून को खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा मैच 17 जून और सीरीज का तीसरा व आखिरी मुकाबला 20 जून को होना है। ये सीरीज इसलिए अहम है, क्योंकि इससे अगले साल होने वाले वनडे विश्व की तैयारी शुरू होने जा रही है। रोहित शर्मा और विराट कोहली भी सीरीज के लिए टीम में शामिल किए गए हैं। कोहली का खेलना तो करीब करीब तय है, लेकिन रोहित अगर पूरी तरह से फिट होंगे, तभी खेल पाएंगे।

इस सीरीज के बाद भारतीय टीम आयरलैंड के दौरे पर जाएगी। जहां दो टी20 इंटरनेशनल मैच खेले जाएंगे। भारत और आयरलैंड के बीच पहला टी20 मैच 26 जून को होगा, इसके बाद दूसरा मैच 28 जून को खेला जाएगा। इसके बाद टीम इंडिया इंग्लैंड चली जाएगी। उसके मैच जुलाई में खेले जाएंगे। कुल मिलाकर ये माना जाना चाहिए कि अगला महीना क्रिकेट के रोमांच से भरा हुआ रहेगा।

# वैभव सूर्यवंशी ने टी20 मैच को लेकर किया बड़ा ऐलान

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में तूफानी बल्लेबाजी अंदाज से सनसनी मचाने वाले वैभव सूर्यवंशी अब अपने बयान की वजह से चर्चा में हैं.




महज 15 साल की उम्र में इस युवा बल्लेबाज ने ऐसा दावा किया है जिसने क्रिकेट जगत को चौंका दिया. इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन के साथ बातचीत में वैभव ने साफ कहा कि उन्हें सिर्फ फिफ्टी या सेंचुरी बनाकर संतुष्टि नहीं मिलती. उनका असली सपना ञ्20 क्रिकेट में 200 रन बनाना है. जब केविन पीटरसन ने पूछा कि क्या उन्हें अर्धशतक सेलिब्रेट करना पसंद है, तो वैभव सूर्यवंशी ने बेझिझक कहा, नहीं, इतना ज्यादा नहीं. इसके बाद उन्होंने अपनी सबसे बड़ी महत्वाकांक्षा का खुलासा किया. वैभव सूर्यवंशी कहते हैं, मैं टी20 में 200 रन बनाना चाहता हूं. मैं उनका (गेल) रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं. वैभव सूर्यवंशी यहां क्रिस गेल के 175 रन के रिकॉर्ड की बात कर रहे थे. गेल ने आईपीएल 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलते हुए पुणे वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ नाबाद 175 रन बनाए थे, जो आज भी टी20 इतिहास का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है.

# दिग्गज तेज गेंदबाज का रिटायरमेंट को लेकर बड़ा ऐलान, T20 WC के बाद ICC टूर्नामेंट्स को कहेंगी अलविदा

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2026 का 12 जून से आगाज होने जा रहा है। इससे पहले एक बड़ी खबर सामने आई है। ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की सबसे सफल तेज गेंदबाजों में से एक मेगन शट ने अपने इंटरनेशनल करियर को लेकर बड़ा फैसला लिया है। अनुभवी तेज गेंदबाज ने घोषणा की है कि इंग्लैंड और वेल्स में होने वाला वूमेन्स T20 वर्ल्ड कप 2026 उनका आखिरी ICC टूर्नामेंट होगा। उनका यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब टीम वर्ल्ड कप की तैयारियों में बिजी है।



साल 2012 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाली मेगन शट ने पिछले एक दशक से अधिक समय में ऑस्ट्रेलिया की सफलता में अहम भूमिका निभाई है। 33 साल की तेज गेंदबाज तीनों फॉर्मेट में 300 से ज्यादा विकेट अपने नाम कर चुकी हैं। मेगन शट ने यह साफ कर दिया कि T20 वर्ल्ड कप 2026 उनका आखिरी ICC टूर्नामेंट होगा, लेकिन फिलहाल वह क्रिकेट से पूरी तरह संन्यास लेने की योजना नहीं बना रही हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई मीडिया से बातचीत में कहा कि वह ज्यादा प्लानिंग बनाने वालों में से नहीं हैं। उन्हें हालात के साथ आगे बढ़ना पसंद है। लेकिन इतने सारे वर्ल्ड कप और उनके बीच के टूर्नामेंट्स को देखते हुए हमेशा आपके सामने कोई न कोई लक्ष्य होता है और आखिरकार आपको एक फैसला लेना ही पड़ता है। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने कहा कि उन्होंने क्रिकेट से पूरी तरह अलग होने के लिए कोई तय समय-सीमा तय नहीं की है।

हाल के ICC टूर्नामेंट्स में ऑस्ट्रेलिया के सेमीफाइनल से बाहर होने पर शट ने खुलकर बात की। उन्होंने माना कि लगातार दो बड़े टूर्नामेंट्स में मिली निराशा उन्हें आज भी परेशान करती है, लेकिन यही अनुभव उन्हें नई पीढ़ी को वर्ल्ड कप जीतते देखने के लिए प्रेरित भी करता है। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम ICC वूमेन्स T20 वर्ल्ड कप 2026 में रिकॉर्ड सातवें खिताब के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट की शुरुआत 12 जून से होगी, जबकि ऑस्ट्रेलिया अपना पहला मुकाबला 13 जून को मैनचेस्टर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेलेगा।

# श्रेयस अय्यर को लग सकता है डबल झटका, टी20 कप्तान बनने की संभावना हुई कम

नई दिल्ली। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स की टीम आईपीएल के इस सीजन से बाहर हो चुकी है। टीम ने अंक तालिका में नंबर 5 पर फिनिश किया है। टीम के पास एक मौका था, लेकिन राजस्थान रॉयल्स की जीत ने वो खत्म कर दिया। इस बीच टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर को डबल झटका लग सकता है। जो उम्मीदें पिछले कुछ दिनों से लगाई जा रही थी, उन पर पानी फिर सकता है। हम बात कर रहे हैं टीम इंडिया के टी20 कप्तान को लेकर। चर्चा थी कि श्रेयस नए कप्तान हो सकते हैं।



पंजाब किंग्स ने इस साल के आईपीएल में शानदार आगाज किया था। टीम ने अपने छह मैच जीतकर 13 अंक हासिल कर लिए थे। एक मैच बारिश की वजह से नहीं हो पाया था, उसका अंक मिला था। लेकिन इसके बाद हार का जो सिलसिला शुरू हुआ, उसने रुकने का ही नाम नहीं लिया। टीम ने अपना आखिरी लीग मैच जीतकर भले ही 15 अंक हासिल कर लिए हों, लेकिन उससे काम नहीं बना।

**श्रेयस अय्यर के भारत का नया टी20 कप्तान बनने की संभावना**

जब श्रेयस अय्यर और उनकी आईपीएल टीम लगातार जीत के रथ पर सवार थी, तब ये उम्मीद लगाई जा रही थी कि श्रेयस अय्यर टीम इंडिया के नए टी20 कप्तान हो सकते हैं। दरअसल वे जिस तरह से टीम को संभाल रहे थे और खुद रन बना रहे थे, वे कप्तान के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे। लेकिन अचानक बाजी पलटती हुई सी दिख रही है। ना जाने क्यों ऐसा हुअ कि श्रेयस की टीम मैच हारती चली गई और फिर उसकी टॉप 4 में वापसी हो ही नहीं पाई। ऐसे में उनका कप्तानी का दावा कमजोर पड़ता हुआ दिख रहा है। यानी टीम तो आईपीएल जीतने से दूर रह ही गई, भारतीय टीम की कप्तानी का दावा भी कमजोर पड़ रहा है।

इस बीच अभी टीम इंडिया जल्द टी20 इंटरनेशनल के लिए मैदान में नहीं उतर रही है, उसमें थोड़ा वक्त है, लेकिन रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि सूर्यकुमार यादव अब ज्यादा दिनों तक भारतीय टीम के कप्तान नहीं रहेंगे। अगर ऐसा होता है तो फिर इसके लिए शुभमन गिल अचानक सामने आ गए हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**देश की 131 हस्तियां पद्म पुरस्कारों**

इस साल पद्म श्री पुरस्कारों की सूची में खेल और कला जगत के कड़े समकालीन नायकों को जगह मिली है, जो युवा पीढ़ी के प्रेरणास्त्रोत हैं:-

खेल जगतः भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और धुरंधर बल्लेबाज श्री रोहित शर्मा (महाराष्ट्र), भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान सुश्री हरमनप्रीत कौर भुल्लर (पंजाब), भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सुश्री सविता पुनिया (हरियाणा), श्री बलदेव सिंह (पंजाब), श्री भगवंदास रायकवार (मध्य प्रदेश) और श्री प्रवीण कुमार (उत्तर प्रदेश)।

कला और अभिनयः बॉलीवुड के लोकप्रिय और वरिष्ठ अभिनेता श्री सतीश शाह (मरणोपरांत, महाराष्ट्र), उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ रंगकर्मी श्री अनिल कुमार रस्तोगी, प्रसेनजीत चटर्जी (पश्चिम बंगाल), प्रसिद्ध अभिनेता मगांटी मुरली मोहन (आंध्र प्रदेश), तेलुगु अभिनेता गद्दे बाबू राजेंद्र प्रसाद (आंध्र प्रदेश) और वरिष्ठ अभिनेता अरविंद वैद्य (गुजरात)।

विज्ञान एवं इंजीनियरिंगः यूआईडीएआई और कड़े डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर फ्रेमवर्क से जुड़े विशेषज्ञ श्री कृष्णमूर्ति बालसुब्रमण्यम (तेलंगाना), श्री ए. ई. मुथुनायगम (केरल), श्री अशोक कुमार सिंह (उत्तर प्रदेश) और आईआईटी मद्रास के निदेशक श्री वीझिनाथन कामेटी (तमिलनाडु)।

**पद्म विभूषण पुरस्कार विजेता.....**

- चिकित्सा, महाराष्ट्, श्री अरविंद वैद्य - कला, गुजरात, श्री अशोक खाड़े - व्यापार एवं उद्योग, महाराष्ट , श्री अशोक कुमार सिंह - विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, उत्तर प्रदेश , श्री असोक कुमार हलदार - साहित्य एवं शिक्षा, पश्चिम बंगाल, श्री बलदेव सिंह - खेल, पंजाब , श्री भगवंदास रायकवार - खेल, मध्य प्रदेश, श्री भारत सिंह भारती - कला, बिहार, श्री भिकल्या लडक्या धिंडा - कला, महाराष्ट, श्री बिश्वा बंधु (मरणोपरांत) - कला, बिहार, श्री बृज लाल भट - सामाजिक कार्य, जम्मू-कश्मीर, श्री बुद्ध रश्मि मणि - अन्य (पुरातत्व), उत्तर प्रदेश, डॉ. बुधरी टाटी - सामाजिक कार्य, छत्तीसगढ़, श्री चंद्रमौली गद्दामनुगु - विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, तेलंगाना, श्री चरण हेम्ब्रम - साहित्य एवं शिक्षा, ओडिशा, श्री चिरंजी लाल यादव - कला, उत्तर प्रदेश, सुश्री दीपिका रेड्डी - कला, तेलंगाना, श्री धर्मिक्लाल चुनिलाल पांड्या - कला, गुजरात, श्री गद्दे बाबू राजेंद्र प्रसाद - कला, आंध्र प्रदेश, श्री गफरुद्दीन मेवाती जोगी - कला, राजस्थान, श्री गंभीर सिंह योनजोन - साहित्य एवं शिक्षा, पश्चिम बंगाल, श्री गरिमेल्ला बालकृष्ण प्रसाद (मरणोपरांत) - कला, आंध्र प्रदेश, सुश्री गायत्री बालसुब्रमण्यम और सुश्री रंजनी बालसुब्रमण्यम (दोहरी) - कला, तमिलनाडु, गोपाल जी त्रिवेदी - विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, बिहार, गुदुरु वेंकटराव - चिकित्सा, तेलंगाना, एच.वी. हांडे - चिकित्सा, तमिलनाडु, श्री हाली वार - सामाजिक कार्य, मेघालय, श्री हरि माधब मुखोपाध्याय (मरणोपरांत) - कला, पश्चिम बंगाल, श्री हरिचरण सैकिया - कला, असम, सुश्री हरमनप्रीत कौर भुल्लर - खेल, पंजाब, श्री इंदरजीत सिंह सिधु - सामाजिक कार्य, चंडीगढ़, जनार्दन बापूराव बोठे - सामाजिक कार्य, महाराष्ट, जोगेश देउरी - अन्य (कृषि), असम, श्री जुजर वासी - विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, महाराष्ट्र, ज्योतिष देबनाथ - कला, पश्चिम बंगाल, के. पजनिवेल - खेल, पुदुचेरी, श्री के. रामासामी - विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, तमिलनाडु, के. विजय कुमार - सिविल सेवा, तमिलनाडु, कबिंद्र पुरकायस्था (मरणोपरांत) - सार्वजनिक मामले, असम, कैलाश चंद्र पंत - साहित्य एवं शिक्षा, मध्य प्रदेश, सुश्री कलामंडलम विमला मेनन - कला, केरल, केवल कृष्ण ठाकराल - चिकित्सा, उत्तर प्रदेश, खेम राज सुंद्रियाल - कला, हरियाणा, सुश्री कोल्लाकल देवकी अम्मा जी - सामाजिक कार्य, केरल, कृष्णमूर्ति बालसुब्रमण्यम - विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, तेलंगाना, कुमार बोस - कला, पश्चिम बंगाल, कुमारस्वामी थंगराज - विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, तेलंगाना, प्रो. (डॉ.) लार्स-क्रिश्चियन कोच - कला, जर्मनी, सुश्री ल्यूडमिला विक्टरोवना खोख्लोवा - साहित्य एवं शिक्षा, रूस, माधवन रंगनाथन - कला, महाराष्ट, मगांटी मुरली मोहन - कला, आंध्र प्रदेश, महेंद्र कुमार मिश्रा - साहित्य एवं शिक्षा, ओडिशा, महेंद्र नाथ रॉय - साहित्य एवं शिक्षा, पश्चिम बंगाल, मामिडाला जगदीश कुमार - साहित्य एवं शिक्षा, दिल्ली, सुश्री मंगला कपूर - साहित्य एवं शिक्षा, उत्तर प्रदेश, मीर हाजीभाई कासमभाई - कला, गुजरात, मोहन नगर - सामाजिक कार्य, मध्य प्रदेश, नारायण व्यास - अन्य (पुरातत्व), मध्य प्रदेश, नरेश चंद्र देव वर्मा - साहित्य एवं शिक्षा, त्रिपुरा, निलेश विनोदचंद्र मंडलेवाला - सामाजिक कार्य, गुजरात, नूरुद्दीन अहमद - कला, असम, श्री ओथुव्वार थिरुथनी स्वामिनाथन - कला, तमिलनाडु, डॉ. पद्मा गुरमेट - चिकित्सा, लद्दाख, पालकोंडा विजय आनंद रेड्डी - चिकित्सा, तेलंगाना, सुश्री पोखिला लेकथेपी - कला, असम, डॉ. प्रभाकर बसवप्रभु कोरे - साहित्य एवं शिक्षा, कर्नाटक, प्रतीक शर्मा - चिकित्सा, अमेरिका, प्रवीण कुमार - खेल, उत्तर प्रदेश, प्रेम लाल गौतम - विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, हिमाचल प्रदेश, प्रसेनजीत चटर्जी - कला, पश्चिम बंगाल, डॉ. पुन्नियामूर्ति नटेशन - चिकित्सा, तमिलनाडु, आर. कृष्णन (मरणोपरांत) - कला, तमिलनाडु ,आर. वी. एस. मणि - सिविल सेवा, दिल्ली, रबिलाल तुडू - साहित्य एवं शिक्षा, पश्चिम बंगाल , रघुपत सिंह (मरणोपरांत) - अन्य (कृषि), उत्तर प्रदेश , रघुवीर तुकाराम खेडकर - कला, महाराष्ट, राजस्तपति कलियप्पा गौंडर - कला, तमिलनाडु ,राजेंद्र प्रसाद - चिकित्सा, उत्तर प्रदेश,रामारेड्डी मामिडी (मरणोपरांत) - अन्य (पशुपालन), तेलंगान, राममूर्ति श्रीधर - अन्य (रेडियो प्रसारण), दिल्ली, रामचंद्र गोडबोले और सुश्री सुनीता गोडबोले (दोहरी) - चिकित्सा, छत्तीसगढ़ ,रतिलाल बोरिसागर - साहित्य एवं शिक्षा, गुजरात, रोहित शर्मा - खेल, महाराष्ट , सुश्री एस. जी. सुशीलम्मा - सामाजिक कार्य, कर्नाटक, संगयुसांग एस. पोंगेनर - कला, नगालैंड ,संत निरंजन दास - अन्य (आध्यात्मिकता), पंजाब, सारत कुमार पात्र - कला, ओडिशा, सरोज मंडल - चिकित्सा, पश्चिम बंगाल, सतीश शाह (मरणोपरांत) - कला, महाराष्ट, सत्यानारायण नुवाल - व्यापार एवं उद्योग, महाराष्ट, सुश्री सविता पुनिया - खेल, हरियाणा, प्रो. शफी शौक - साहित्य एवं शिक्षा, जम्मू-कश्मीर , शशि शेखर वेम्पति - साहित्य एवं शिक्षा, कर्नाटक, ीरंग देवबा लाड - अन्य (कृषि), महाराष्ट ,सुश्री शुभा वेंकटेश अयंगर - विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, कर्नाटक, श्याम सुंदर - चिकित्सा, उत्तर प्रदेश, सिमांचल पात्र - कला, ओडिशा , सुश्री शिवशंकरि - साहित्य एवं शिक्षा, तमिलनाडु , डॉ. सुरेश हनगावड़ी - चिकित्सा, कर्नाटक, स्वामी ब्रह्मदेव जी महाराज - सामाजिक कार्य, राजस्थान, टी. टी. जगन्नाथन (मरणोपरांत) - व्यापार एवं उद्योग, कर्नाटक, टगा राम भील - कला, राजस्थान, तरुण भट्टाचार्य - कला, पश्चिम बंगाल, टेची गुबिन - सामाजिक कार्य, अरुणाचल प्रदेश , थिरुवरुर बख्तवत्सलम - कला, तमिलनाडु, सुश्री त्रिप्ति मुखर्जी - कला, पश्चिम बंगाल, श्री वीझिनाथन कामकोटी - विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, तमिलनाडु, श्री वेम्पति कुटुंब शास्त्री - साहित्य एवं शिक्षा, आंध्र प्रदेश ,व्लादिमीर मेस्टविरिश्विली (मरणोपरांत) - खेल, जॉर्जिया, युमनाम जत्रा सिंह (मरणोपरांत) - कला, मणिपुर।

**अबूझमाड़ की निःस्वार्थ सेवा....**

सेवा कार्यो के साक्षी हैं। गोडबोले बताते हैं कि जर्मनी के समाजसेवी चिकित्सक डा. अलबर्ट स्वाइटजर की किताब पढ़ने के बाद उनके भीतर वनवासी सेवा का संकल्प जागा था। वर्षों की तपस्या और निःस्वार्थ सेवा को अब पद्मश्री के रूप में राष्ट्रीय सम्मान मिला है।

**2883 करोड़ का शराब घोटालाः छत्तीसगढ़....**

बताया था, जिन्होंने सह-आरोपितों को फायदा पहुंचाने के लिए शराब नीति तैयार करने में भूमिका निभाई थी कोर्ट ने उन्हें अन्य आरोपितों की तरह ही समान शर्तों पर जमानत दी है, जिसके तहत उन्हें राज्य (छत्तीसगढ़) से बाहर रहना होगा। वे केवल अदालती सुनवाई और जांच में शामिल होने के लिए ही छत्तीसगढ़ जा सकेंगे, हालांकि बाद में वे शर्तों में ढील की मांग कर सकते हैं।

**अजय चंद्राकर ने टीएस सिंहदेव....**

को एक भी पत्र लिखा गया? उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सत्ता में रहते समय अपनी बात रखने का साहस नहीं होता, लेकिन कुर्सी जाने के बाद वे राजनीतिक चमकाने के लिए बड़े-बड़े बयान देते हैं। बता दें कि भगत ने कहा था कि खनिज संसाधनों से आदिवासियों को हिस्सा मिलना चाहिए।

वहीं झीरम घाटी नक्सली हमले के 13 साल पूरे होने पर विधायक चंद्राकर ने कहा कि जिस दिन भूपेश बघेल अपने जेब में रखे सबूत को सार्वजनिक करेंगे। कवासी लखमा को सामने रख पूरे प्रदेश की जनता को घटनाक्रम बतायेंगे। नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने कवासी लखमा को हॉस्पिटल में क्या कहा था? जिस दिन ये सारी बातें सामने आएगी, सारी परतें खुद-ब-खुद खुल जायेगी। कांग्रेस ने केवल सहानुभूति के लिए अपना राजनीतिक ऑक्सीजन बना रखा हैं। भाजपा ने इस मामलें में हर स्तर पर कार्रवाई की है।

**अमृतसर में कपिल शर्मा के घर के बाहर....**

कैफे को भी अपराधी लगातार अपना निशाना बना चुके हैं। इस विवाद में इस साल मई महीने की शुरुआत में एक और खौफनाक मोड़ तब आया, जब कनाडा में कप्स कैफे के ठीक बगल वाले रेस्टोरेंट पर चौथी बार फायरिंग की गई। इस हमले के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े एक हैंडल से एक पोस्ट वायरल हुई थी। इस पोस्ट में कपिल शर्मा और कैफे ओनर को सीधे तौर पर लाइन पर आने की हिदायत दी गई थी, साथ ही यह साफ चेतावनी दी गई थी कि यदि उनकी अवैध रंगदारी और वसूली की मांगें पूरी नहीं की गईं, तो कपिल शर्मा के मुंबई और पंजाब वाले घरों को भी इसी तरह लहूलुहान कर दिया जाएगा। इस सनसनीखेज अंतरराष्ट्रीय और घरेलू कनेक्शन के सामने आने के बाद पंजाब पुलिस ने मामले को बेहद गंभीरता से लिया है।

अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर और सहायक पुलिस आयुक्त कमलप्रीत सिंह के निर्देश पर होली सिटी और आसपास के सभी वीआईपी एंट्री-एग्जिट पॉइंट्स पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की गहन मैपिंग की जा रही है। हालांकि, जांच की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासनिक अधिकारी फिलहाल इस विषय पर कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से कड़ाई से बच रहे हैं। इस घटना के बाद मुंबई में भी कपिल शर्मा के आवास की सुरक्षा व्यवस्था और ज्यादा कड़ा कर दिया गया है।

**अभिषेक बनर्जी के आवास पर....**

अवैध निर्माण का मामलाः निगम के अधिकारियों का आरोप है कि अभिषेक बनर्जी के इस आलीशान घर के कई हिस्सों में कथित तौर पर नियमों को ताक पर रखकर और बिना उचित प्रशासनिक अनुमति के अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा था। समयसीमा का पेंचः इस विषय को लेकर कोलकाता नगर निगम ने अभिषेक बनर्जी को बकायदा सात दिनों का एक कड़ा विधिक नोटिस थमाया था, जिसमें उनसे स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था। सूत्रों के मुताबिक, नोटिस के जवाब और विधिक समीक्षा के लिए दी गई सात दिनों की यह आधिकारिक समयसीमा आज सोमवार को ही समाप्त हो गई थी, जिसके तुरंत बाद यह कड़ा एक्शन लिया गया।

इस बेहद संवेदनशील और हाई-प्रोफाइल मामले में कानूनी पेचीदगियों को देखते हुए फिलहाल कोलकाता पुलिस और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने कोई भी आधिकारिक बयान या विस्तृत विवरण साझा करने से इनकार कर दिया है। अधिकारी अभी पूरे मामले की कागजी कार्रवाई पूरी होने का इंतजार कर रहे हैं। दूसरी ओर, फलता उपचुनाव के नतीजों के तुरंत बाद टीएमसी के सबसे बड़े नेता के घर पर हुई इस कार्रवाई को लेकर तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। टीएमसी नेताओं ने दबी जबान में इसे राजनीतिक कूटनीति से प्रेरित कार्रवाई बताना शुरू कर दिया है, जिससे आने वाले दिनों में बंगाल की राजनीति का पारा और ज्यादा चढ़ना पूरी तरह तय माना जा रहा है।

**ट्रम्प मुस्लिम देशों से बोले- इजराइल....**

मुनीर (पाकिस्तान), रजब तैयब एर्दोआन (तुर्किए), अब्देल फतह अल-सिसी(मिस्त्र) समेत कई नेताओं से बातचीत की। ट्रम्प ने जब इन नेताओं से इजराइल के साथ रिश्ते सुधारने को कहा तो कॉल पर कुछ सेकेंड के लिए चुप्पी छा गई। खासकर सऊदी अरब, कतर और पाकिस्तान की तरफ से कोई तत्काल प्रतिक्रिया नहीं आई। माहौल इतना शांत हो गया था कि ट्रम्प ने मजाक में पूछ लिया, क्या आप लोग अभी भी फोन लाइन पर हैं? आखिर में ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अपने प्रतिनिधियों को निर्देश दिया है कि वे इन देशों को अब्राहम अकॉर्ड्स में शामिल करने की प्रक्रिया तुरंत शुरू करें और सफलतापूर्वक पूरी करें। ट्रम्प के पोस्ट की सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि उन्होंने इसमें ईरान को भी जोड़ लिया। ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान उनके साथ समझौता करता है, तो उसे भी अब्राहम अकॉर्ड्स का हिस्सा बनाना 'सम्मान' की बात होगी।

ट्रम्प ने रविवार को भी कहा था कि हो सकता है कि ईरान भी अब्राहम समझौते का हिस्सा बन जाए। ईरान दशकों से इजराइल को मान्यता देने से इनकार करता रहा है। ईरान उन अरब देशों का भी विरोध करता रहा है जिन्होंने इजराइल के साथ रिश्ते बनाए। इसलिए ट्रम्प का यह सुझाव बेहद विवादित माना जा रहा है। एक्सियोस के मुताबिक ट्रम्प की सबसे बड़ी रणनीतिक कोशिश यह है कि ईरान युद्ध खत्म होने के बाद पश्चिम एशिया में एक नया अमेरिकी समर्थक गठबंधन तैयार किया जाए, जिसमें इजराइल और प्रमुख अरब देश एक साथ हों। दशकों तक अरब देशों की नीति थी कि फिलिस्तीन मुद्दा सुलझे बिना इजराइल को मान्यता नहीं दी जाएगी। ट्रम्प की कोशिशों के बाद 2020 में अब्राहम समझौते ने उस पुरानी नीति को तोड़ दिया। इसके तहत यूएई, बहरीन और मोरक्को जैसे देशों ने इजराइल के साथ आधिकारिक संबंध बनाए।

# मुफ्ती, मदरसों, मौलवियों की विनती- 'गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करें, तस्करी करने वालों को फांसी की सजा दें'

नई दिल्ली। महाराष्ट्र अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्यारे खान ने बताया कि लगभग 50 से ज्यादा मुफ्ती, मदरसों, मौलवियों ने पत्र लिखकर अल्पसंख्यक आयोग से विनती की है। ये विनती केंद्र सरकार द्वारा गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने को लेकर है। साथ ही गाय की हत्या और तस्करी करने पर कठोर दंड फांसी कि सजा का प्रावधान करें।



उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र अल्पसंख्यक विभाग के पास 50 से ज्यादा ऐसी चिट्ठियां आई हैं, कुछ मदरसों से आई हैं, कुछ महाराष्ट्र के मुफ्ती हैं, उनकी तरफ से, कुछ मौलानाओं की तरफ से आए हैं, उनका कहना है कि जिस तरीके से बाबरी मस्जिद का झगड़ा जो था, आपस में कई सालों से चल रहा था, उस मसले को सुप्रीम कोर्ट के जरिए सुलझाया गया। उसी तर्ज पर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर देना चाहिए एवं कठोर से कठोर दंड का प्रावधान कर देना चाहिए। जिससे यह गाय की तस्करी और गाय की कत्ल होने का विषय ही खत्म हो जाएगा। बाबरी मस्जिद का मामला सुलझ जाने के बाद आज कोई भी न मंदिर के बारे में बात करता है, ना मस्जिद के बारे में बात करता है। देश में इन मुद्दों को छोड़कर दूसरी बातें हो रही हैं। यह बात महाराष्ट्र अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्यारे खान ने बताई। प्यारे खान ने कहा कि 50 से ज्यादा खत उनके पास आना यह दर्शा रहा है कि मुसलमान इस विषय को समाप्त करना चाहता है। महाराष्ट्र अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्यारे खान ने कहा कि गाय का मुद्दा भी काफी सालों से चला रहा है, तो क्यों न गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर दिया जाए और जो भी कड़े प्रावधान हो, उसको लगा दिया जाए। यदि कोई भी गाय का तस्करी करता है, कत्ल करता है तो उसको फांसी की सजा दी जाए। यह विषय वैसे ही समाप्त हो जाएगा। भारत जो है, अब सुप्रीम भारत बनने जा रहा है। 2047 का मिशन प्रधानमंत्री लेकर जा रहे हैं, तो छोटे-छोटे मुद्दे खत्म होने चाहिए। अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्यारे खान ने कहा कि जिस तरीके से शिकायतें आई हैं। जिस तरीके से शिकायतों में दर्ज किया है कि अभी से ये मुद्दा खत्म होना चाहिए। महाराष्ट्र अल्पसंख्यक आयोग भारत के प्रधानमंत्री को, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के अल्पसंख्यक मंत्री को पत्र लिखने वाले हैं, इस विषय का आप हल निकालिए। जिस तरीके से महाराष्ट्र विकास की ओर बढ़ रहा है, भारत विकास की ओर बढ़ रहा है, महाराष्ट्र में जिस तरीके से गाय को राज्य माता का दर्जा दिया गया है, इस तर्ज पर गाय को राष्ट्रीय पशु पूरे हिंदुस्तान में घोषित कर देना चाहिए।

इसी तरह का सभी मुस्लिम संगठनों का, मुसलमानों का डिमांड है कि राष्ट्रीय पशु घोषित कर देने के बाद यह मामला पूरी तरीके से सुलझ जाएगा, जिस तरीके से महाराष्ट्र में मकोका की कार्रवाई की मुख्यमंत्री ने बात की है। इस तरह राष्ट्रीय पशु जब घोषित कर दिया जाएगा फांसी की सजा का प्रावधान कर दिया जाएगा तो अपने आप यह विषय खत्म हो जाएगा।यदि गाय राष्ट्रीय पशु हो जाएगी, ऐसा मुस्लिम संगठनों का कहना कि, कोई गाय हाथ नहीं लगाएगा, यह सरकार गाय का मुद्दा भी खत्म करेगी। महाराष्ट्र में मकोका लगने की बातचीत की गई है। मकोका संगठित अपराध में लगता है, बेचने वाला, काटने वाला, उसको एक जगह से दूसरी जगह पर ले जाने वाला, सभी उसमें शामिल रहते हैं।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन के हाथों विद्या विभूषण सम्मान से सम्मानित हुए वैशाली और मेनका

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी के हाथों विद्या विभूषण सम्मान से सम्मानित हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार की छात्राएं कु. वैशाली और कु. मेनका। वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में कक्षा दसवीं से कु. वैशाली ने 91.50प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं में कु. मेनका गणित संकाय 90.40प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किए।




विद्यालय के व्याख्याता एवं परीक्षा प्रभारी थंगेश्वर कुमार साहू ने बताया कि यह विद्यालय परिवार के लिए बहुत ही गौरव और हर्ष की बात है, यह सम्मान वैशाली एवं मेनका को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर इन दोनों बच्चों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया एवं पांच-पांच हजार रुपए पुरस्कार की भी घोषणा की गई। थंगेश्वर कुमार साहू ने अपने उद्बोधन में बताया कि इस सफलता में आदरणीय जिलाधीश महोदय एवं आदरणीय जिला शिक्षा अधिकारी महोदय के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन से संभव हो पाया।

वैशाली और मेनका को विद्या विभूषण सम्मान से सम्मानित होने पर संस्था प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर, असीम कुमार यदु, थंगेश्वर कुमार साहू, अनुराधा ढोक, सरोज भुआर्य, रेखा मुरकुटे, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश कुमार नेताम, जितेंद्र कुमार कश्यप, नोहर दास लिलहारे, पालक राम वर्मा, हरिचंद यादव, आशीष मसीह, रिचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर, दानेश्वर साहू, मेघनाथ यादव शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष मोरध्वज चंद्रवंशी सदस्यगण चंद्रकुमार साहू, तामेश्वर साहू, रेशमलाल पटेल, प्रकाश सूर्यवंशी, सुदर्शन साहू, दिग्विजय शांडिल्य, चंद्रशेखर अग्रवाल, कांतिबाई चंद्रवंशी, सरपंच नंदीका कुंजाम, सीएसबी कुंजाम, राजकुमार साहू, संतोष निषाद, ज्ञानेंद्र सहारे आदि सभी ने बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए। इस सम्मान से पूरे गांव में हर्षोल्लास का माहौल है, यहां के सभी शिक्षकों की मेहनत एवं लगन का ही परिणाम है कि बच्चें विद्यालय एवं गांव का नाम रोशन कर रहे हैं।

# लक्ष्मण झूला और ऑक्सीजोन की लंबित योजनाओं को लेकर विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव(दावा)। श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के नगर आगमन पर स्पीकर हाउस में उनसे भेंट की। इस दौरान समिति ने नगर की दो महत्वाकांक्षी और महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में ज्ञापन सौंपकर विस्तारपूर्वक चर्चा की।



### बजट में शामिल, पर प्रशासकीय स्वीकृति का इंतजार

समिति के अध्यक्ष डॉ. डी. सी. जैन ने डॉ. रमन सिंह का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि समिति की मांग पर शिवनाथ नदी मोहारा से ऑक्सीजोन भंवरमरा को जोड़ने के लिए ''लक्ष्मण झूला'' निर्माण की योजना को बजट में शामिल किया जा चुका है। इसके बावजूद, अब तक प्रशासकीय स्वीकृति न मिलने के कारण योजना पर आगे की कार्यवाही लंबित है।

### राजस्व विभाग में अटका पिकनिक स्पॉट का प्रस्ताव

डॉ. जैन ने आगे बताया कि ऑक्सीजोन को एक बेहतर पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने की समिति की वर्षों पुरानी मांग है। इस संबंध में जिला पंचायत विभाग द्वारा तैयार किया गया प्रस्ताव अंतिम स्वीकृति की प्रतीक्षा में फिलहाल राजस्व विभाग में लंबित पड़ा हुआ है।

### डॉ. रमन सिंह ने दिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश

समिति की बातों को गंभीरता से सुनते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दोनों महत्वपूर्ण योजनाओं की त्वरित स्वीकृति के लिए संबंधित विभागों को पत्र लिखने के निर्देश जारी किए हैं। डॉ. सिंह के इस कड़े रुख से उम्मीद बंधी है कि दोनों ही योजनाओं को जल्द ही हरी झंडी मिल जाएगी।

### अतिक्रमण और रेत-लकड़ी चोरी पर रोक की मांग

मुलाकात के दौरान समिति के सदस्यों ने ऑक्सीजोन क्षेत्र में बढ़ रहे अतिक्रमण, शिवनाथ नदी से रेत की अवैध चोरी और वृक्षों की अंधाधुंध कटाई को रोकने की भी मांग की। इसके साथ ही खनिज विभाग द्वारा समय-समय पर जब्त किए गए वाहनों को राजसात (जब्त) करने की कार्रवाई करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. डी.सी. जैन, उपाध्यक्ष हरजीत सिंह भाटिया, सचिव अमलेंदु हाजरा एवं संयोजक कचरू प्रसाद शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। समिति के पदाधिकारियों ने दोनों महत्वपूर्ण मांगों पर त्वरित पहल करने के लिए डॉ. रमन सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।

# संस्कारों की नई ऊर्जा के साथ विद्यार्थी शिविर सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में बाल संस्कार विभाग द्वारा पूज्य संत श्री आशारामजी बापू की प्रेरणा से प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी बच्चों के अंदर अच्छे संस्कार व आत्मिक उन्नति के लिए ग्रीष्मकालीन सात दिवशीय आवासीय विद्यार्थी अनुष्ठान शिविर का आज भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। इस शिविर में जिलेभर के विभिन्न क्षेत्रों से 250 से अधिक बच्चों ने भाग लेकर आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक शिक्षा प्राप्त की। सात दिनों तक चले इस शिविर में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया गया।



प्रेरणा, संस्कार और साधना का अनूठा संगम- विद्यार्थी अनुष्ठान शिविर
( 250 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया विद्यार्थी शिविर का लाभ )

बच्चों ने सीखी सफलता की कुंजी-बाल संस्कार विभाग के प्रभारी संजय साहू ने बताया कि शिविर के दौरान प्रतिदिन बच्चों को जप, ध्यान, प्राणायाम एवं योगासन का अभ्यास कराया गया, जिससे बच्चों में मानसिक एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक ऊर्जा का विकास हो सके। साथ ही ''सफलता की कुंजी'' जैसे प्रेरणादायी विषयों के माध्यम से बच्चों को जीवन में अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण, समय का सदुपयोग एवं अच्छे संस्कारों का महत्व बताया गया। शिविर में बच्चों को भारतीय संस्कृति, माता-पिता एवं गुरुजनों के सम्मान तथा नैतिक मूल्यों से जुड़ी अनेक प्रेरणादायी बातें, महापुरुषों के जीवन चरित्र, आध्यात्मिक खेल, बौद्धिक शक्ति बढ़ाने के प्रयोग इत्यादि बातें सिखाई गयी। श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर व कोषाध्यक्ष टी.के.चंद्राकर ने बताया कि विद्यार्थियों के नैतिक, चारित्रिक विकास हो तथा सर्वांगीण विकास के लिए उद्देश्य से बच्चों की सात दिन की शिविर जो 18 से 24 मई तक लगायी गयी। छात्रों के लिए मोहारा स्थित संत आशारामजी आश्रम व छात्राओं के लिए ममता नगर स्थित सत्संग भवन सेंटर में शिविर का आयोजन किया गया। पूरे शिविर के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने योग, ध्यान एवं संस्कारमय गतिविधियों में बढ़-चढ़कर सहभागिता की। शिविर में मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के व्यक्तित्व विकास का प्रयास किया गया। संस्था के प्रवीण चक्रधारी एवं भोजेस्वर साहू द्वारा बताया गया कि आज के आधुनिक समय में बच्चों को संस्कार एवं सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से इस प्रकार के शिविर अत्यंत आवश्यक हैं।

बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं अच्छे संस्कारों का हुआ विकास समापन समारोह में बच्चों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिसकी उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने सराहना की। कार्यक्रम के अंतिम दिन सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मीडिया जगत से जुड़े हाफिज खान, अमित चटर्जी एवं श्रेयस श्रीवास्तव ने उपस्थित होकर बच्चों को पुरुष्कृत किया। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों ने कहा कि शिविर के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं अच्छे संस्कारों का विकास हुआ है। इस प्रकार के संस्कारमय शिविर समाज एवं राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी के उज्ज्वल भविष्य एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

# दर्री के युवा कमलेश कुमार गौरकर बने कोर्ट मैनेजर, कैलाश शर्मा ने दी बधाई

खुज्जी (दावा)। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता कैलाश शर्मा ने ग्राम दर्री के होनहार युवा कमलेश कुमार गौरकर को छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से कोर्ट मैनेजर (राजपत्रित अधिकारी) पद पर चयनित होने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने कहा कि कमलेश कुमार गौरकर की यह सफलता ग्राम दर्री सहित पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।



ग्रामीण परिवेश में रहकर कठिन परिश्रम, लगन एवं संघर्ष के बल पर प्राप्त की गई यह उपलब्धि यह सिद्ध करती है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और निरंतर मेहनत से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। कैलाश शर्मा ने कहा कि कमलेश कुमार गौरकर ने अपने परिवार, ग्राम दर्री, बौद्ध समाज एवं पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करेंगे।

ज्ञात हो कि कमलेश कुमार गौरकर ग्राम दर्री, तहसील डोंगरगांव निवासी एवं कपिल कुमार गौरकर (प्रधान पाठक) के बड़े सुपुत्र हैं तथा वर्तमान में जनपद पंचायत चौकी में बी.पी.एम. के पद पर कार्यरत हैं।

# घुमका नगर पंचायत में रिकार्ड जीत दर्ज करेगी भाजपा-राजेश श्यामकर

**भाजपा को मिल रहा समर्थन**

घुमका (दावा)। नगर पंचायत के प्रथम चुनाव को लेकर भाजपा पार्टी ने सगनात्मक स्तर पर तैयारी तेज कर दी है। वही घुमका को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने मे रायपुर तक दौड़ लगाने वाले पूर्व जिला पंचायत सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश श्यामकर को भाजपा संगठन ने अहम जिम्मेदारी सौपी है।



आज उन्होंने नगर पंचायत घुमका के वार्ड 4 के पार्षद प्रत्याशी शैलेन्द्र वर्मा और वार्ड 8 के पार्षद प्रत्याशी नोहेन्द्र सिन्हा के पक्ष मे डोर टू डोर जनसम्पर्क कर मतदाताओं से अपील करते हुवें आशीर्वाद माँगा। वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश श्यामकर ने आज घुमका के वार्डो मे घर घर दस्तक देकर सरकार के रीती नीति जनहितकारी सोच एवं पार्टी की विचारधारा सहित केंद्र के मोदी सरकार व राज्य के विष्णुदेव साय के योजनाओं को बताया जा रहा है।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर ने कहा की घुमका नगर पंचायत की जनता ने भाजपा के अध्यक्ष प्रत्यासी श्रीमती किरण वर्मा को घुमका नगर की जिम्मेदारी सौंपने मन बना लिया है। यहां के जनता से भाजपा को आशीर्वाद मिल रहा है डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान में योगेश खत्री हेमंत मेश्राम जगदीश यादव सरजू पाटीला लोकेश्वर यादव विकास वर्मा उपस्थित थे।

# डोंगरगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई:जुआ खेलते 5 आरोपी रंगे हाथ गिरफ्तार, प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत भेजा गया जेल

डोंगरगढ़ (दावा)। क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए डोंगरगढ़ पुलिस ने एक बार फिर सख्त कदम उठाया है। पुलिस ने ग्राम चौथना में दबिश देकर जुआ खेल रहे पांच आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के साथ-साथ कड़े प्रतिबंधात्मक प्रावधानों के तहत भी कार्रवाई की गई है।



डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा लगातार अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई की जा रही है मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दी दबिश मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस प्रशासन को क्षेत्र में अवैध रूप से जुआ संचालित होने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर और एस.डी.ओ.पी. डोंगरगढ़ केसरी नंदन नायक के कड़े दिशा-निर्देशन में थाना प्रभारी व प्रशिक्षु उप.पुलिस अधीक्षक सुमन जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार गश्त और पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान 24 मई 2026 को ग्राम चौथना में जुआरियों के सक्रिय होने की सटीक सूचना मिली, जिस पर पुलिस टीम ने तुरंत घेराबंदी कर छापेमारी की।

### ये आरोपी हुए गिरफ्तार

मौके से पुलिस ने ताश के पत्तों के साथ जुआ खेलते हुए पांच आरोपियों को दबोचा। पकड़े गए सभी आरोपी ग्राम चौथना के ही निवासी हैं, जिनके नाम इस प्रकार हैं-सेवक साहू (31 वर्ष), पिता- चंद्रेश साहू, कुशल साहू (28 वर्ष), पिता- गोविंद साहू, महेंद्र कंडरा (25 वर्ष), पिता- चंद्रेश कंडरा, धनेश कंडरा (36 वर्ष), पिता- कांता राम कंडरा, महेत्तर कंडरा, पिता-देवचरण कंडरा,जुआ एक्ट के साथ लगीं BNSS की कड़ी धाराएं डोंगरगढ़ पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 295/2026 दर्ज कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(1) के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू की है। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र में दोबारा इस तरह की अवैध गतिविधियों को रोकने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। आरोपियों के खिलाफ पृथक से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 126 और 135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है। थाना प्रभारी का संदेश-प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सुमन जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की पहली प्राथमिकता है। किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों, सट्टा, जुआ या नशीले पदार्थों के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा और आगे भी ऐसी सख्त पेट्रोलिंग व कार्रवाई जारी रहेगी।

# एक नदी के दर्द की कहानी उसी की जबानी 'मैं आमनेर हूं'

खैरागढ़ (दावा)। मैं आमनेर हूँ, मैकल पर्वतमाला की वनाच्छादित गोद में, खैरागढ़ रियासत के पुराने शिकारगाह लछना वनांचल के समीप जन्मी एक नदी। मेरा उद्गम लछनाटोला गाँव के आगे पहाड़ियों और घने सागौन-वन के बीच स्थित उन शांत जलस्रोतों से होता है जहाँ धरती भीतर ही भीतर जल को सँजोकर रखती है। वहीं पहाड़ियों की तलहटी में एक टीलेनुमा स्थान पर पत्थरों की दरार से मैं पहली बार फूटी थी–एक पतली, निर्मल और चंचल जलधारा बनकर।।

उस समय मेरे चारों ओर आम के घने पेड़ थे। छत्तीसगढ़ी में आम को 'आमा' कहते हैं और नाले को 'नरवा'। प्रारंभिक अवस्था में में मैं पतले नाले जैसी ही थी, संभवतः इसी कारण लोगों ने मुझे 'आमानरवा' कहना शुरू किया होगा, जो कालांतर में अपभ्रंश होकर 'आमनेर' बन गया। शायद मेरे नामकरण की कहानी यही रही होगी। मैकल की पहाड़ियों ने मुझे अपनी बेटी की तरह पाला और मैं ढलानों से उतरती हुई धीरे-धीरे मैदानों की ओर बढ़ चली। तब मैं बहुत प्रबल थी। वर्षा आते ही मेरा स्वर बदल जाता था। पहाड़ियों से उतरने वाली पतली धाराएं मेरे भीतर समा जातीं और मैं कल-कल करती हुई बहती थी। मेरे किनारे आदिवासी बस्तियाँ थीं जहां के निवासी मुझे केवल नदी नहीं, जीवित देवी मानते थे।

लछना के जंगलों से निकलकर मैं प्रधानपाट की ओर बढ़ती हूँ। यहाँ मेरे ऊपर एक बैराज बनाया गया है, ताकि मेरे जल से खेतों की प्यास बुझाई जा सके। कभी मैं बिना रोक-टोक बहती थी, पर अब मनुष्य ने मेरी धारा को बाँधकर उसे अपनी आवश्यकता के अनुसार मोड़ना सीख लिया है। फिर भी मुझे शिकायत नहीं, खेतों में जब धान की हरियाली लहलहाती है, तब लगता है मेरा जल व्यर्थ नहीं गया।

### प्रधानपाट केवल एक स्थान नहीं, आस्था का धाम भी है

यहाँ प्रधानपाट देव विराजते हैं, जिन पर वनांचल के लोगों की गहरी श्रद्धा है। कितने ही ग्रामीण मेरे जल से हाथ धोकर देवस्थान में माथा टेकते हैं। तीन ओर से घने जंगलों से घिरा यह स्थल अब स्थानीय पर्यटन और पिकनिक का केंद्र बनता जा रहा है। आगे चंगुर्दा ग्राम के पास कुकरापाट आता है। वहाँ भी एक छोटा-सा देवस्थान है, कुकरापाट देव का मंदिर। जो भी इस मार्ग से गुजरता है, श्रद्धा से सिर झुकाता है। बरसों से मैं उस छोटे-से मंदिर को देखती आई हूँ। कभी कोई चरवाहा वहाँ अगरबत्ती जला देता है, कभी कोई यात्री चुपचाप हाथ जोड़ लेता है। मेरे जल पर झुकती हुई वह श्रद्धा मुझे बड़ी प्रिय लगती है।*मेरे किनारों पर बसे गाँव मेरे साथ बड़े हुए हैं। इन गाँवों के बच्चों ने मेरी रेत में खेलना सीखा, किसानों ने मेरे जल से खेत सींचे और स्त्रियों ने मेरे घाटों पर गीत गाए। कितनी ही शामें मैंने महुए की गंध और लोकगीतों की धुन के बीच बिताई हैं।

पांडादाह पहुँचते-पहुँचते मेरी चाल धीमी और गंभीर हो जाती है। यहाँ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा जी की नगरी मेरे तट पर विराजती है। मैं आज भी मंदिर के शिखर को नमन करती हुई आगे बढ़ती हूँ। संध्या की आरती जब मंदिर से उठती है तो उसकी ध्वनि मेरी लहरों पर उतर आती है। रथयात्रा के दिनों में मेरे घाटों पर श्रद्धा उमड़ पड़ती है। तब मुझे लगता है मानो स्वयं जगन्नाथ स्वामी मेरी धार को आशीर्वाद दे रहे हों।



### मेरे बारे में एक पुरानी लोककथा कही जाती है।

कहते हैं एक बार भयंकर सूखा पड़ा।। खेत फट गए, कुएँ सूख गए और लोग व्याकुल हो उठे।। तब एक साधु ने मेरे तट पर बैठकर कई दिनों तक तप किया। उसने कहा, ''जब तक आमनेर बहेगी, यह धरती जीवित रहेगी।'' उसी रात ऐसी वर्षा हुई कि सूखी धरती फिर हरियाली से भर उठी। तब से कई ग्रामीण मुझे मनौती पूरी करने वाली नदी मानते हैं। आज भी स्त्रियाँ कार्तिक मास में मेरी धारा में दीप बहाकर परिवार के सुख की कामना करती हैं।।

### संगीत नगरी खैरागढ़ पहुँचते-पहुँचते मैं नगर की जीवनरेखा बन जाती हूँ

मैंने यहाँ के राजसी वैभव को बहुत निकट से देखा है। राजमहल की ऊँची अटारियाँ, हाथियों की चिंघाड़, घोड़ों की टापें और सैनिकों की कतारें, सब मेरी स्मृतियों में आज भी जीवित हैं। हर दशहरे पर खैरागढ़ के राजा पूरे लाव-लश्कर के साथ मेरे तट पर रइनी मारने आया करते थे। दूर तक मशालें जलती थीं, नगाड़े बजते थे और राजसी शान मेरे जल में प्रतिबिंबित होती थी। मैं चुपचाप बहती रहती, मानो इतिहास को अपने भीतर संजो रही हूँ।

### उमराव पुल से मैंने खैरागढ़ को अनगिनत बार निहारा है

सुबह की धुँध में लिपटा नगर, वर्षा की बाढ़ में काँपते घाट, दीपावली की रात जगमगाती रोशनियाँ, सब मेरी आँखों के सामने से गुजरे हैं। कितने ही युवाओं ने उस पुल पर खड़े होकर सपने देखे, कितने बूढ़ों ने बीते दिनों को याद किया और कितने बच्चों ने मेरी धारा में कंकड़ फेंककर लहरों का खेल देखा।

### खैरागढ़ में आकर मुझे कभी अकेलापन महसूस नहीं होता

यहां मेरी दो छोटी बहनें मुस्का और पिपरिया मुझसे आ मिलती हैं। वे पहाड़ियों और गांवों से अपना छोटा-सा जीवन संगीत लेकर आती हैं और मेरे गले लगकर मेरे साथ आगे बढ़ती हैं। बरसात के दिनों में जब हम तीनों का जल एक साथ उमड़ता है तब हमारे तटों पर मानों प्रकृति का उत्सव उतर आता है। खैरागढ़ के लोग हमारे इस मिलन को त्रिवेणी संगम का नाम देते हैं। मुस्का की चंचलता और पिपरिया की शांत धारा मेरे भीतर समाकर मुझे और व्यापक बना देती हैं। फिर हम तीनों साथ-साथ खेतों, घाटों और गांवों की स्मृतियां अपने जल में संजोए शिवनाथ की ओर बढ़ चलती हैं।

### लेकिन अब मैं पहले जैसी नहीं रही

एक समय था जब बारहों महीने मेरे भीतर जल बहता था। अब वर्षा बीतते ही मैं जगह-जगह सूखने लगती हूँ। मेरी धार सिकुड़ जाती है और कई स्थानों पर मैं केवल रेत बनकर रह जाती हूँ। मेरे किनारे बसे गाँवों में लोगों ने सैकड़ों नलकूप खोद डाले हैं। धरती के भीतर का जल निरंतर खींच लिया गया और मेरे स्रोत धीरे-धीरे सूखने लगे। जो छोटी-छोटी धाराएँ मुझे जीवन देती थीं, वे अब बरसात के बाद थम जाती हैं। कभी मेरे तटों पर मत्स्य-प्रेमी गहरे जल में बंसी डालकर बैठे रहते थे, अब गर्मियों में वहीं लोग पैदल पार हो जाते हैं। जहाँ जल चमकता था, वहाँ अब रेत तपती है। मुझे दुःख होता है, पर मैं जानती हूँ कि मनुष्य ने यह सब अपनी जरूरतों के कारण किया है। फिर भी मैं हर वर्ष बादलों की बाट जोहती हूँ। पहली वर्षा होते ही मैं फिर जीवित हो उठती हूँ, मानो धरती ने मुझे नया प्राण दे दिया हो।

पर मेरी पीड़ा केवल सूखती धाराओं तक नहीं रही* खैरागढ़ नगर के किनारे से गुजरते हुए अब मुझे मनुष्य की लापरवाहियों का बोझ भी ढोना पड़ता है। शिव मंदिर रोड पर मुस्का नदी पर बने पुल के नीचे फेंके गए प्लास्टिक, पालिथीन और कूड़े के अंबार अंततः मेरी ही धारा में उतर आते हैं। इतवारी बाजार से निकलने वाला सारा अपशिष्ट, सड़ी-गली सब्जियों की दुर्गंध, नालियों का मैला जल और पिपरिया नदी पर धरमपुरा पुल के आसपास जमा सड़ांध मारता कूड़ा-करकट भी आखिरकार मेरी गोदी में ही आ गिरता है। कभी मेरी जिन धाराओं में खैरागढ़िया अपनापन बहता था, वहां अब सड़ांध और प्लास्टिक तैरते दिखाई देते हैं। बरसात में मैं विवश होकर इस समूचे नगर का मैल अपने साथ बहाती चली जाती हूं। फिर भी मेरे तटों पर श्रद्धा कम नहीं हुई। शायद इसलिए कि नदी केवल जल नहीं होती, वह स्मृतियों, संस्कृतियों और जीवन का प्रवाह होती है।

### आगे बढ़ते हुए मैं सगनी घाट की ओर जाती हूँ

दुर्ग जिले के कौड़िया ग्राम पंचायत के पास मैं अंततः शिवनाथ नदी की विशाल बाँहों में समा जाती हूँ। लोग कहते हैं कि वहाँ मेरा विलय हो जाता है, पर मैं जानती हूँ कि नदियाँ कभी समाप्त नहीं होतीं। वे केवल अपना नाम बदलती हैं और किसी बड़ी धारा का हिस्सा बन जाती हैं। मैं आज भी बह रही हूँ, पांडादाह के मंदिर की घंटियों में, खैरागढ़ की स्मृतियों में, उमराव पुल की छाया में और उन लोकगीतों में जिन्हें गाँव के लोग पर्वों और उत्सवों के समय गाते हैं। विनय शरण सिंह, राज्यपाल एवं राष्ट्पति पुरस्कार से सम्मानित, सेवा निवृत्त शिक्षक, राजपरिवार खैरागढ़ जिला।

# जैन साध्वियों के हादसे से मौत पर जैन समाज उद्वेलित







## जैन साध्वियों के हादसे से मौत पर जैन समाज उद्वेलित

## जैन समाज ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव (दावा)।** आज दिनांक 25 मई दिन सोमवार को जैन समाज द्वारा 11 बजे मोटरसाइकिल रैली निकालकर भारत के माननीय राष्ट्रपति माननीय प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सोपा गया दिगंबर जैन पंचायत के सचिव सूर्यकांत जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 20 मई को मध्य प्रदेश के रीवा शहर में दिगंबर जैन पंथ की आचार्य विद्यासागर महाराज से दीक्षित दो साध्वी जिनकी संयम तप की दीक्षा को 20 वर्ष हो चुके थे ऐसी अहिंसक निधि को सड़क हादसे में हमने खो दिया। सूर्यकांत जैन ने बताया कि दोनों त्याग मूर्ती साध्वी जी की विनयांजलि सभा राजनांदगांव में विराजमान पूज्य मुनी श्री नीरज सागर जी महाराज एवं पूज्य मुनी श्री निर्मद सागर जी महाराज के सानिध्य में 24 मई को प्रातः 8.30बजे आयोजित कर शासन को ज्ञापन देने की बात तय की गई।तथ्यों के अनुसार वीडियो फुटेज में जिस तरह वाहन चालक द्वारा सड़क के किनारे सर्विस रोड पर पूज्य 105 श्रुतमति माताजी एवं पूज्य 105 उपशम मती माताजी प्रातः 6:00 बजे नित्य क्रिया हेतु जा रही थी उसी समय एक गाड़ी अल्टो द्वारा इरादतन हत्या के इरादे से घटना को अंजाम देना प्रतीत होता है जैन समाज चाहता है कि उक्त घटना की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी व्यक्तियों को कठोर सजा की मांग जैन समाज करती है।

आज यह रैली सकल जैन संघ की उपस्थिति में दिगंबर जैन मंदिर गंज लाइन से निकलकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची एवं रास्ते भर जैन समाज के लोगों ने न्याय की मांग एवं साधु संतों की सुरक्षा व्यवस्था में सुधार के साथ सुरक्षा सम्मान की मांग हेतु तक्तियां पड़कर नारे लगाते रहे ,रैली में दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष अशोक झंझरी ने शासन से मांग की है कि जैन साधु विश्व कल्याण की भावना से पैदल नंगे पैर विचरण करते हैं ऐसी अहिंसक भावना रखने वाले साधु संतों की रक्षा हेतु शासन को व्यवस्था में सुधार लाने की जरूरत है यह संत हमारे भारत की अमूल्य निधि है।

सकल जैन समाज के अजय सिंघी ने कहा कि भविष्य में मुनिराजों, माताजी एवं किसी भी साधु संतों की हत्या, प्रताड़ना की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए संतों की सुरक्षा के कड़े कानून बने।

उक्त रैली में प्रमुख रूप से दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष अशोक झंझरी, सचिव सूर्यकांत जैन कोषाध्यक्ष सुदेश जैन, उपाध्यक्ष अनिल बड़कुल, पंकज जैन, पूनम जैन, रविकांत जैन, मनोज वेद, रोशन गोलछा, मूलचंद भंसाली, नमिताब जैन, अखिलेश जैन, रानू जैन पार्षद, सुशील छाजेड़, राजेंद्र सुराणा, शरद जैन, दीपक कोठारी, ज्ञानचंद नौलखा, कमलेश बेद, नवीन कोठारी, विजय काकरिया, विजय गोलछा, महावीर सकलेचा, निखिल जैन, राजीव जैन, सुनील जैन, मुकेश जैन, प्रिऐश जैन, प्रियंक जैन, संयम जैन, नितिन जैन, राहुल जैन ष्ट्ठु, निकेत झंझरी, सागर जैन, प्रकाश चंद जैन, नरेश जैन, अंशुल जैन, मनोज जैन, मनीष जैन, मनोज कौशल, प्रतीक जैन, प्रभात जैन, ताराचंद शास्त्री, संजीव जैन, प्रदीप जैन, सुधीर जैन, राकेश जैन, शिवम जैन सहित आदर्श महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सीमा जैन, सुनीता बड़कुल, सपना जैन, सरोज जैन, कविता जैन, रुपाली जैन, सविता जैन, पिंकी जैन, श्रद्धा जैन, अनीता जैन, वंदना जैन, अलका जैन, रखी जैन, बलराज जैन सहित बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के सदस्यगण शामिल रहे। सभी ने शासन प्रशासन से मांग की है कि साधु संतों की सुरक्षा के लिए कड़े कानून बनना चाहिए नहीं तो जैन समाज अपने संतों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने के लिए बाध्य होगा।

# पूर्व विधायक शहीद उदय मुदलियार की पुण्यस्मृति में कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

## पूर्व विधायक शहीद उदय मुदलियार की पुण्यस्मृति में कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि



## झीरम घाटी में दी गई शहादत को बताया जनसेवा और संघर्ष की प्रेरणा

**राजनांदगांव(दावा)।** झीरम घाटी नक्सल हमले में शहादत देने वाले पूर्व विधायक शहीद उदय मुदलियार की तेरहवीं पुण्यतिथि पर आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि सभा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सतनाम भवन में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शहीद उदय मुदलियार एवं अल्लानूर भिंडसेरा के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सुबह 10:30 बजे आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक शहीद उदय मुदलियार, अलानूर भिंडसरा सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विद्याचरण शुक्ल, नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा, दिनेश पटेल, योगेंद्र शर्मा तथा शहीद जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इसके उपरांत गायत्री मंदिर चौक स्थित शहीद उदय मुदलियार एवं अल्लानूर भिंडसेरा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि झीरम घाटी की घटना देश की सबसे बड़ी राजनीतिक त्रासदियों में से एक है। हमारे नेताओं की निर्मम हत्या का दुख आज भी हर कांग्रेस कार्यकर्ता को कचोटता है। मेरे पिता शहीद उदय मुदलियार सहित अल्लानूर भिंडसेरा और लाखों समर्थकों के प्रिय नेताओं का बलिदान जनसेवा एवं संघर्ष की प्रेरणा देता है। कांग्रेस की नींव त्याग और बलिदान पर खड़ी है तथा हम जनता के अधिकारों और न्याय के लिए हमेशा संघर्षरत रहेंगे। ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि झीरम घाटी के शहीदों ने लोकतंत्र और जनसेवा के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए। कांग्रेस कार्यकर्ता उनके बताए मार्ग पर चलते हुए जनता की आवाज को मजबूती से उठाते रहेंगे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश राठौर ने कहा कि झीरम घाटी की घटना केवल कांग्रेस नहीं बल्कि पूरे लोकतंत्र पर हमला था। शहीद नेताओं का संघर्ष, सादगी और कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीयता आज भी सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने शहीद नेताओं से जुड़ी स्मृतियां साझा करते हुए उनके व्यक्तित्व, उपलब्धियों एवं संगठन के प्रति समर्पण को याद किया तथा उनके स्वजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, शाहिद खान, श्रीकिशन खंडेलवाल, अंजुम अल्लवी, भागवत साहू, रमेश राठौर, रमेश डकालिया, मामराज अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, रुपेश दुबे, कमलजीत पिंटू, प्रवीण मेश्राम आदि उपस्थित थें।

# पेटी ठेकेदार और नपं इंजीनियर के बीच हाथापाई, मामला पहुंचा थाने

**डोंगरगांव(दावा)।** इन दिनों नगर पंचायत विवादों और झगड़ों का केंद्र बना हुआ है। आये दिन अधिकारी- कर्मचारी, ठेकेदार सहित कथित नेतागण व अन्य लोगों के बीच वाद विवाद की खबरें आते रहती है। पिछले दिनों एक महिला के द्वारा सीएमओ पर नाराज होते हुए जमकर गाली गुफ्तार करने की बात सामने आयी थी। यह मामला अभी पूरी तरह से ठंडा भी नहीं हुआ था कि एक पेटी ठेकेदार ने नगर पंचायत के इंजीनियर को पीट दिया। मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत में पार्षदों और कुछ अन्य लोगों की बैठक चल रही थी। जिसके बाद दोपहर करीब साढ़े 3 बजे बिल व पेमेंट को लेकर परेशान पेटी ठेकेदार हरि साहू के साथ इंजीनियर का वाद विवाद हुआ। वहीं यह मामला इतना बढ़ गया कि बात हाथापाई तक पहुंच गई। इस दौरान नगर पंचायत के अन्य कर्मचारियों के द्वारा उन्हें छुड़ाया गया। इस मामले में इंजीनियर कृपाराम बर्मन ने हरी साहू के विरुद्ध डोंगरगांव थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने अपने आवेदन में बताया कि 25 मई 2026 को दोपहर साढ़े 03 बजे को हरि साहू निवासी वार्ड नम्बर 13 मटिया डोगरगांव नगर पंचायत कार्यालय मे घुसकर शासकीय कार्य करने के दौरान मां बहन की अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मेरे साथ मारपीट किया है। इस घटना में नाक व बायें गाल में चोट आया है व खून निकलने लगा। इस मामले में डोंगरगांव पुलिस ने सिर्फ इतना बताया कि एफआईआर हो गई है। वहीं समाचार लिखे जाने तक हरि साहू व इंजीनियर कृपाराम बर्मन का फोन बंद होने से घटना का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया। पेटी ठेकेदार के द्वारा आक्रोशित होकर इस तरह का घटना करना या अपना आपा खोना किसी बड़े और गंभीर मामले की ओर इशारा करता है। इस संबंध में सीएमओ विनम्र जेमा ने बताया कि मैं टी.एल. बैठक में था, घटना की जानकारी हुई थी, इजीनियर से बात करके जानकारी लेता हूँ

# मवेशियों को बुचड़खाना ले जा रहा 2 वाहन पुलिस के हत्थे चढ़ा

## 5 नग गौवंशीय मवेशी सहित अशोक लीलैंड पिकअप वाहन जप्त



**राजनांदगांव(दावा)।** बागनदी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में बड़ी संख्या में मवेशियों को भर कर लें जा रहे अशोक ली लैंड वाहन को जब्त किया है। बागनदी थाना प्रभारी नंदकिशोर गौतम द्वारा बताया गया कि 25 मई सोमवार को पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ केसरीनंदन नायक के मार्गदर्शन में बागनदी पुलिस द्वारा मवेशी तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया।

रात्रि में छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र की ओर 05 नग कृषक गौवंशीय मवेशियों ( 04 बैल एवं 1 गाय) को अशोक लीलैंड पिकअप वाहन क्रमांक सीजी-37/जे 3903 में भरकर ले जाया जा रहा था। पुलिस टीम द्वारा कोठीटोला कैम्प के सामने बैरिकेडिंग कर वाहन को घेराबंदी कर रोका गया। श्री गौतम ने बताया कि वाहन की जांच करने पर पाया गया कि मवेशियों के पैर एवं गले को बेरहमी पूर्वक बांधकर उन्हें दर्द एवं पीड़ा पहुंचाते हुए बिना किसी वैध अनुज्ञा पत्र के महाराष्ट की ओर बुचड़खाना ले जाया जा रहा था।

पुलिस द्वारा मौके पर 05 नग गौवंशीय मवेशी कीमती 25 हजार रु. एवं परिवहन में प्रयुक्त अशोक लीलैंड पिकअप वाहन कीमती 7 लाख सहित कुल मशरूका 7,25,000 रु. जप्त किया गया। वहीं आरोपियों अक्षय तुरकर पिता अशोक तुरकर, उम्र 24 वर्ष निवासी मरामजोब गोंदिया,फिरतु कंवर पिता लखन कंवर उम्र 55 वर्ष निवासी मांगी खूंटा बोरतलाव,एवं पुरूषोत्तम नाईक पिता गोपाल नाइक उम्र 45 वर्ष निवासी मरामजोब साल्हेकसा गोंदिया के विरुद्ध अपराध क्रमांक दर्ज कर धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004, धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 एवं धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।मामले में संलिप्त अन्य आरोपी की पता तलाश की जा रही है।




# 4 जून को होगी डी.एड प्रवेश परीक्षा

## 22 परीक्षा केंद्रों में 6712 परीक्षार्थी होंगे शामिल

## सुबह 9.30 बजे बंद हो जाएंगे परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार

**राजनांदगांव(दावा)।** जिले में 4 जून 2026 को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित डीएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा के लिए जिले में कुल 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 6712 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा सुबह 10 बजे से अपरान्ह 1.15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिए जाएंगे, जिसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

व्यापम के निर्देशानुसार परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैग, कैलकुलेटर, इयरफोन, धात्विक वस्तुएं तथा किसी भी प्रकार की नकल सामग्री लाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षार्थियों को केवल नीले अथवा काले बॉल पेन की अनुमति होगी। साथ ही परीक्षार्थियों को आधी बाँह वाले सादे एवं हल्के रंग के कपड़े पहनकर परीक्षा केंद्र में उपस्थित होना होगा। परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रत्येक केंद्र में हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर से अनिवार्य फ्रिस्किंग, मैनुअल पैट-डाउन चेक एवं प्रवेश प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। महिला परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मियों तथा पुरूष परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग पुरूष पुलिस कर्मियों द्वारा की जाएगी। परीक्षा के सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, उडऩदस्ता दल, नोडल अधिकारी, पुलिस नोडल अधिकारी एवं पर्यवेक्षक दल की नियुक्ति की गई है, जो परीक्षा अवधि के दौरान सतत निगरानी करेंगे। जिला प्रशासन ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचे।

# अवैध शराब से त्रस्त मुसराकला के ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

## गांव में मदिरा दुकान खोलने की मांग



**डोंगरगढ़ (दावा)।** जिले के डोंगरगढ़ ब्लाक में अवैध शराब बिक्री के बढ़ते कारोबार ने आम जनता का जीना दूभर कर दिया है। प्रशासन की तमाम कोशिशों और शिकायतों के बावजूद पुलिस और आबकारी विभाग की नाकामी के चलते गांव-गांव में अवैध शराब का जाल फैल चुका है।

इसी कड़ी में अब ग्राम पंचायत मुसराकला के ग्रामीण हताश होकर जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और गांव में नवीन मदिरा दुकान खोलने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि,सार्वजनिक स्थानों पर शराबियों का जमावड़ा पूरे समय लगा रहता है। जिससे आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित होती है।ग्राम पंचायत मुसराकला की सरपंच श्रीमती गायत्री शिव टेंभुरकर, समस्त पंच एवं भारी संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने जिलाधीश को अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि गांव की हर गली में कोचियों द्वारा अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। स्थिति इतनी गंभीर है कि बाजार चौक स्थित मुर्गा-चखना दुकानों पर खुलेआम शराब बिकती है। शराबी पंचायत परिसर, कन्याशाला, आंगनबाड़ी और पटवारी भवन जैसे संवेदनशील और सार्वजनिक स्थानों पर बैठकर शराब पीते हैं और गंदगी फैलाते हैं, जिससे पंचायत को बार-बार सफाई के लिए अतिरिक्त आर्थिक भार उठाना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के लिए हर संभव प्रयास किए, पुलिस और आबकारी विभाग को लगातार सूचित किया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

गांव में अवैध शराब कोचियों की अधिकता और सरकारी मशीनरी की निष्क्रियता ने ग्रामीणों में भारी आक्रोश भर दिया है।

# खरीफ की तैयारी में किसानों को नहीं होगी परेशानी, ड्रम और जरीकेन में भी ले सकेंगे डीजल-पेट्रोल

## छत्तीसगढ़ के किसानों को मिली बड़ी राहत

**रायपुर (दावा)।** राज्य सरकार ने खेती-किसानी के लिए ड्रम और जरीकेन में डीजल वितरण पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया है। साथ ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ऐलान किया कि खेती-किसानी के लिए किसानों को पर्याप्त डीजल मिलेगा। इसमें कोई कमी नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने खेतों की जुताई के लिए ट्रैक्टरों तथा सिंचाई पंपों के लिए किसानों को आवश्यकता अनुसार डीजल की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### खाद्य विभाग ने 22 मई को लगाया था प्रतिबंध

बता दें कि खाद्य विभाग की ओर से 22 मई 2026 को जारी निर्देशानुसार पेट्रोल एवं डीजल के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से प्रदेश के 2516 पेट्रोल-डीजल पंपों से ड्रम एवं जरीकेन में ईंधन प्रदाय पर प्रतिबंध लगाया गया है। हालांकि किसानों की जरूरतों और खरीफ सीजन की तैयारियों को देखते हुए इस व्यवस्था में आवश्यक छूट दे दी गई है, ताकि खेतों की जुताई, बोवाई और सिंचाई कार्य बाधित न हों।

प्रदेश में चार करोड़ तीन लाख लीटर पेट्रोल तथा पांच करोड़ 55 लाख लीटर डीजल का स्टाक उपलब्ध है। वहीं, 24 मई 2026 को राज्य को 23 लाख 33 हजार लीटर पेट्रोल तथा 62 लाख 40 हजार लीटर डीजल प्राप्त हुआ है। राज्य में आवश्यकतानुसार पेट्रोल एवं डीजल की नियमित आपूर्ति जारी है।

# घुमका नगर पंचायत चुनाव में जनता से रूबरू होकर प्रचार कर रहे भाजपा के पवन

## पिछड़ा वर्ग समाज का मिल रहा जनसमर्थन



**राजनांदगांव (दावा)।** नगर पंचायत घुमका में प्रथम बार नगर पंचायत चुनाव हेतु मतदान 1 जून को होना है। जिसके लिए नामांकन एवं नाम वापसी की प्रक्रिया के पश्चात् चुनाव प्रत्याशी संख्या की स्थिति साफ हो चुकी है। नगर पंचायत अध्यक्ष सहित 15 वार्ड पार्षद का चुनाव होना है। चुनाव प्रचार 30 मई को थम जाएगा। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती किरण एकलव्य वर्मा सहित समस्त 15 वार्डों में भाजपा प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री बीरेन्द्र सोनी, जिला अध्यक्ष दिलीप साहू के मार्गदर्शन में भाजपा को पार्षद दल से सबसे अधिक सीट के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष हेतु जिला महामंत्री पवन निर्मलकर गर्मजोशी के साथ चुनाव प्रचार कर रहे हैं। पवन निर्मलकर ने बताया कि घुमका नगर पंचायत क्षेत्र में विभिन्न पिछड़ा वर्ग समाज के सदस्यों, नागरिकों से भाजपा को बड़ी संख्या में जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है।

अलग-अलग वार्डों में समाज की बैठकें जारी हैं। केन्द्र की नरेन्द्र मोदी एवं राज्य की विष्णुदेव साय सरकार के कार्य की जगह-जगह प्रशंसा सुनने मिल रही है। नगर पंचायत घुमका क्षेत्र के नागरिक भाजपा का अध्यक्ष एवं शत प्रतिशत भाजपा पार्षद चुनने लालायित हैं। चुनाव प्रचार में पवन निर्मलकर के साथ पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष खोरबाहरा सिन्हा, डॉ. भूपेन्द्र वर्मा, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सिन्हा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लालाराम देवांगन एवं अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में कर रहे हैं।

# निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**राजनांदगांव (दावा)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आम निर्वाचन नगरीय निकाय 2026 अंतर्गत नगर पंचायत घुमका में मतदान दलों का प्रशिक्षण 25 मई 2026 को डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित किया गया। रिटर्निंग अधिकारी नगरीय निकाय निर्वाचन नगर पंचायत घुमका ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने अनुपस्थित पाए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आगामी प्रशिक्षण एवं निर्वाचन कार्य में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नियुक्त कर्मचारियों को निर्वाचन कार्य को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित करने निर्देशित किया गया है।

# अग्रवाल सभा के द्विवर्षीय कार्यकारिणी चुनाव सम्पन्न : संरक्षक श्रेणी में हुआ मतदान



**राजनांदगांव (दावा)।** अग्रवाल सभा के द्विवर्षीय कार्यकारिणी चुनाव 2026-2028 शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया में सभा के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। कार्यकारिणी गठन हेतु संरक्षक, आजीवन एवं साधारण तीन श्रेणियों में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई, जिसमें प्रत्येक वर्ग से 05-05 सदस्यों का चयन किया जाना था। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत आजीवन वर्ग एवं साधारण वर्ग में सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। वहीं संरक्षक श्रेणी में 05 पदों के लिए 06 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने के कारण मतदान कराया गया। दिनांक 24 मई रविवार को अग्रसेन भवन में निर्वाचन अधिकारी उमाकांत भारद्वाज के मार्गदर्शन में मतदान संपन्न हुआ। कुल 28 मतदाताओं में से 27 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। संरक्षक श्रेणी से लक्ष्मण लोहिया, नरेंद्र गोयल, विकास अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल एवं शशांक अग्रवाल चुनाव मैदान में थे। मतगणना उपरांत लक्ष्मण लोहिया ने कुल 27 मत में से सर्वाधिक 24 मत प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं विकास अग्रवाल को 21 मत, नरेंद्र गोयल को 20 मत प्राप्त हुए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com